

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 18 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-172 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## 18 महीने में 18 चिट्ठी लिखी, ईसी मौन: राहुल गांधी

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पूरे देश में कांग्रेस को वोट देने वाले मतदाताओं के नाम जानबूझकर सूची से हटाये जा रहे हैं और यह काम स्वचलित, विकेंद्रीकृत और बहुत रणनीतिक तरीके से पूरे देश में किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने सीईसी पर देश के लोकतंत्र को तबाह करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया और कहा कि जब शिकायत की जाती है तो उसकी कोई सुनवाई नहीं होती। गांधी ने कहा कि इससे साफ है कि ज्ञानेश कुमार आरोपियों को बचा रहे हैं और वोट चोरी की कार्रवाई को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की। हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में कुल कितने वोट डिलीट किए गए, लेकिन यह संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा है। बस इतनी बात हुई कि इन 6,018 वोटों को डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया। राहुल ने ये भी बताया कि ये मामला पकड़ में कैसे आया। उन्होंने बताया कि हुआ यूं कि वहां की एक बूथ-लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का ही नाम वोटर लिस्ट से डिलीट हो चुका है। जब उसने जांच की कि उसके चाचा का वोट किसने डिलीट किया, तो पता चला कि पड़ोसी ने डिलीट किया है. जब उसने अपने पड़ोसी से पूछा तो उसने कहा कि मैंने कोई वोट डिलीट नहीं किया। यानी न तो जिस व्यक्ति ने वोट डिलीट किया और न ही जिसका वोट डिलीट हुआ, दोनों को इस बारे में कुछ पता था।

**सिस्टम हाईजैक कर वोट डिलीट हुए-** राहुल ने कहा कि असल में किसी बाहरी ताकत ने सिस्टम को हाईजैक करके ये वोट डिलीट किए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले की जांच के सिलसिले में कर्नाटक सीआईडी ने चुनाव आयोग को पिछले 18 महीने में 18 बार चिट्ठी लिखी लेकिन आयोग उस पर मौन धारण किए हुए है और कोई जवाब नहीं दे रहा है। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रणनीति के तहत वोट काटे जा रहे हैं और कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इस मामले में उन्होंने कुछ मतदाताओं को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किया, जिनमें से सूर्यकांत ने बताया कि उन्होंने कोई मत डिलीट ही नहीं किया है, जबकि उनके नाम से 12 मत महज 14 सेकंड में डिलीट किये गये हैं। उन्होंने बताया कि उनका वोट काटा गया है, जिसकी उन्हें जानकारी तक नहीं है। अपना वोट काटे जाने से वह हैरान हैं और जब इस मामले की शिकायत की जाती है, तो उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**दलितों और ओबीसी को बनाया जा रहा निशाना-**राहुल ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस को मत देने वाले मतदाताओं को निशाना बनाया गया है। दलित और ओबीसी के मत काटे गये हैं। कांग्रेस के मतदाताओं का नाम जानबूझकर हटाया गया है, जिन लोगों का वोट हटाया गया, उनको इसकी जानकारी नहीं है और यह सारे वोट कर्नाटक के बाहर के मोबाइल नंबर से हुये हैं। उन्होंने कहा, " सवाल है कि इस वोट को कौन और कहां से हटा रहा है। किसने और कैसे ओटीपी जनरेट कर वोट मिटाये हैं। कर्नाटक के अलंद में 6018 से ज्यादा वोट कैसे हटाये गये है। महज 14 मिनट में 12 वोट को डिलीट किया गया है और जिस व्यक्ति के नाम से यह काम हुआ है उसे इसकी खबर ही नहीं है।"

### राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली,18सितंबर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के नए आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी जब-जब इन आरोपों को लेकर कोर्ट पहुंचे हैं तब-तब उन्हें मुंह की खानी पड़ी। राहुल के आरोपों पर जवाब देते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें कभी माफी मांगनी पड़ी को कभी कोर्ट की लताड़ खानी पड़ी। ठाकुर ने कहा, "राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगभग 90 चुनाव हार चुकी है। उनकी हताशा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने आरोपों की राजनीति को अपना आभूषण बना लिया है। गलत और निराधार आरोप लगाना राहुल गांधी की आदत बन गई है। माफी मांगना और अदालतों से फटकार खाना राहुल गांधी की दिनचर्या बन गई है।" भाजपा के अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए कहा कि "राहुल गांधी भारत में बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं।" ठाकुर ने राहुल गांधी पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि वह इस बात से निराश हैं कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस 90 चुनाव हार चुकी है और अब "निराधार और गलत आरोप" लगा रहे हैं।




### वोटर को ऑनलाइन डिलीट नहीं किया जा सकता: चुनाव आयोग

राहुल गांधी की ओर से लगाए आरोपों पर चुनाव आयोग की ओर से जवाब दिया गया है। आयोग ने कहा कि किसी भी वोटर को ऑनलाइन डिलीट नहीं किया जा सकता। इलेक्शन कमिशन ने कहा कि राहुल गांधी के सारे आरोप आधारहीन और गलत हैं। चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि वोट काटने से पहले पक्ष रखने का मौका मिलता है। आयोग ने कहा कि यदि किसी का नाम डिलीट हुआ तो फिर डीएम और सीईओ के पास शिकायत भेजनी होती है। दरअसल राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि अनजान नंबरों से वोट डिलीट किए गए हैं। राहुल गांधी ने कर्नाटक की आलंद सीट का उदाहरण देते हुए कहा था कि एक नंबर का इस्तेमाल करते हुए 10 से 12 नंबर डिलीट हुए। वहीं चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटाया नहीं जा सकता। आयोग के सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही कांग्रेस के आरोपों का जवाब देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की जाएगी। आलंद सीट पर वोटरों के नाम डिलीट किए जाने के आरोपों पर भी इलेक्शन कमिशन ने जवाब दिया है। आयोग ने कहा कि इस मामले का हमने संज्ञान लिया था और इस मामले में इलेक्शन कमिशन ने खुद एफआईआर कराई थी।

### सीईसी को सात दिनों का अल्टीमेटम

कांग्रेस नेता ने कहा की वोट हटाने का यह काम कर्नाटक में नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के राजवाड़ा में भी हुआ है। इसी तरह का काम महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में हुआ है। इसमें नाम गलत होते हैं और पता तो होता ही नहीं है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के राजुरा में 6850 वोटर्स के नाम जोड़े गए थे। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को अल्टीमेटम थमाते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर 'मतदाताओं के नाम हटने' का विवरण उपलब्ध कराएं। राहुल गांधी ने कहा कि यह वह H-बम नहीं है, असली H-बम अभी आने वाला है। यानी उन्होंने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी वह इसी तरह का दावा और खुलासा कर सकते हैं।

## संक्षेप

### सुकमा के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

**सुकमा,18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पश्चिमी क्षेत्र के घने जंगल और पहाड़ी इलाकों में गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जिसके बाद दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है. पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन जारी होने के कारण मुठभेड़ स्थल, जवानों की संख्या और अन्य संवेदनशील जानकारी फिलहाल साझा नहीं की जा रही है. सुरक्षाबलों की सुरक्षा को देखते हुए यह एहतियात बरता जा रहा है. सुकमा पुलिस ने कहा है कि ऑपरेशन पूर्ण होने के बाद मुठभेड़ से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी. अभी सुरक्षाबलों का अभियान जारी है और इलाके में सघन सर्चिंग की जा रही है.

### कांग्रेस नेता के बिगड़े बोल से भड़की आग

**चेन्नई ,18 सितंबर ।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर तमिलनाडु कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बेहद आपत्तिजनक और भड़काऊ बयान दिया है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केएस अलागिरी ने लोगों से अपील की है कि अगर कंगना तमिलनाडु आती हैं, तो उन्हें तमाचा मार दिया जाना चाहिए। उन्होंने कंगना को अहंकारी बताते हुए उन पर बेतुकी बातें करने का आरोप लगाया। दरअसल, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केएस अलागिरी से कंगना रनौत के उस पुराने बयान पर सवाल किया गया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि महिला कार्यकर्ता 100 रुपये लेकर विरोध प्रदर्शनों में शामिल होती हैं। इस सवाल पर अलागिरी अपना आपा खो बैठे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुए 'थप्पड़ कांड' का जिक्र करते हुए कहा, कंगना रनौत ने कई बार ऐसी बेतुकी बातें की हैं। एक बार जब वह एयरपोर्ट पर थीं तो एक महिला सुरक्षाकर्मी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया था जब वह (कंगना) इस तरफ आएं, तो आपको यह बात भूले बगैर उन्हें थप्पड़ मार देना चाहिए।

### अनिल विज ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल से हटाया 'मिनिस्टर' शब्द

**चंडीगढ़ ,18 सितंबर ।** हरियाणा के वरिष्ठ बीजेपी नेता और राज्य के परिवहन मंत्री अनिल विज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) से 'मिनिस्टर' शब्द हटा दिया है। उनके इस कदम के बाद हरियाणा की सियासत में नई चर्चा शुरू हो गई है। विज ने अब अपनी प्रोफाइल में केवल अनिल विज अंबाला कैंट, हरियाणा, इंडिया लिखा है। यह बदलाव बुधवार देर रात या गुरुवार सुबह के बीच किया गया, जब विज का प्रोफाइल अचानक मंत्री पद की पहचान से खाली नजर आया। इससे पहले उनके अकाउंट पर 'हरियाणा कैबिनेट मिनिस्टर' लिखा हुआ था, जो अब गायब है। हालांकि, इस बदलाव को लेकर विज की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ लोग इसे उनके बदलते राजनीतिक रुख से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ इसे केवल एक व्यक्तिगत चयन बता रहे हैं।

गौरतलब है कि अनिल विज हरियाणा की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं और गृह, स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाल चुके हैं। हाल ही में उन्हें राज्य सरकार में परिवहन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सोशल मीडिया पर की गई ऐसी प्रोफाइल एडिटिंग आमतौर पर संकेत देती है कि भीतरखाने कुछ चल रहा है।

## नीतीश और अमित शाह ने सुलझा लिया एनडीए का सीट गणित

**पटना,18 सितंबर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में पटना के एक होटल में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की राज्य यूनिट की टॉप लीडरशिप के बीच शिखर वार्ता स्तर की बैठक हुई। गुरुवार की सुबह करीब 20 मिनट चली इस बैठक की बातचीत को लेकर दोनों दलों ने कुछ कहा नहीं है, लेकिन यह तय माना जा रहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में विधानसभा चुनाव के बीच बंटवारे पर सस्पेंस के बीच जदयू, भाजपा और बाकी दलों की सीटों की संभावित संख्या पर चर्चा हुई। 13 सितंबर को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी कोर कमिटी की बैठक के लिए पटना आए थे लेकिन नीतीश से मिले बिना ही दिल्ली लौट गए थे। अमित शाह डेहरी और बेगूसराय में भाजपा के 20 जिलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को जीत का गुरुमंत्र देने दो दिन के बिहार दौरे पर बुधवार की रात पटना पहुंचे थे। बुधवार रात भी शाह ने बिहार बीजेपी के बड़े नेताओं के साथ बैठक की थी। गुरुवार सुबह अमित शाह के डेहरी जाने से पहले नीतीश उनसे मुलाकात करने पटना के मौर्या होटल पहुंचे थे। नीतीश के साथ जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी भी थे। होटल में पहले से भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल, प्रदेश संगठन महासचिव भीखूभाई दलसानिया भी मौजूद थे। नीतीश और अमित शाह की बैठक के दौरान ये नेता मौजूद थे, जिससे सहज अनुमान लगाया जा रहा है कि एजेंडा सीट बंटवारा रहा होगा। अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं को अलग रखकर अमित शाह और नीतीश कुमार के बीच अकेले में चर्चा हुई है या नहीं। राजनीतिक चर्चा रही है कि जेडीयू और बीजेपी कम से कम 100 सीट खुद लड़ना चाहते हैं और उसमें भी जेडीयू भाजपा से कम से कम एक सीट ज्यादा चाहते हैं। बाकी बची सीटों की संख्या 40-42 बनती है जिसमें चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की सीटों की डिमांड पूरी होती नहीं दिख रही है। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (एलजेपीआर) खुलकर 30-40 सीट मांग रही है तो हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी भी 15 सीटों के लिए करो या मरो बोलने लगे हैं। उपेंद्र कुशवाहा 8-10 सीट की अपेक्षा रखते हैं।

## रिटायर्ड आईएएस के बंगले पहुंची ईडी

**दुर्ग,18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ नान घोटाला मामले में खाद्य विभाग के तत्कालीन सचिव और रिटायर्ड आईएएसडॉ. आलोक शुक्ला की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज होते ही आज ईडी ने उनके भिलाई निवास में दबिश दी है। छापेमारी के साथ ही उनपर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है. बता दें, बहुचर्चित नान घोटाला केस में डॉ. शुक्ला और अनिल टुटेजा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने खारिज कर दिया है। जमानत याचिका के खारिज होने के दूसरे दिन ही आज ईडी की टीम डॉ. आलोक शुक्ला के भिलाई के तालपुरी स्थित घर में छानबीन कर रही हैं। सूत्रों की मानें तो छानबीन खत्म होते ही ईडी उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सकती है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, दोनों अफसरों को पहले दो हफ्ते ईडी की कस्टडी में रहना होगा. उसके बाद दो हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा. इसके बाद ही उन्हें जमानत मिल सकेगी. अदालत ने यह भी कहा कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले और ईडी की जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी.

**भूपेश सरकार में मिला पॉवरफुल पोस्टिंग-**गौरतलब है कि नान घोटाला का जब खुलासा हुआ था, तो आलोक शुक्ला खाद्य विभाग के सचिव थे. उन्हें भी इस मामले आरोपी बनाया गया था और दिसंबर 2018 को उनके खिलाफ कोर्ट में ईओडब्ल्यू ने चार्जशीट पेश की थी. इसके बाद 2019 को आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली गई थी. जमानत मिलने के बाद दोनों अफसरों को कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में पॉवरफुल पोस्टिंग मिली. इस पोस्टिंग के दौरान ईओडब्ल्यू की नान घोटाले की जांच को प्रभावित करने का आरोप दोनों अफसरों पर लगा था. इसी मामले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ भी ईडी ने एफआईआर की थी. हालांकि सतीश चंद्र वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है.

**नान घोटाला मामले में 10 जिलों में चल रही ED की कार्यवाही-**बता दें, नान घोटाला मामले में प्रदेश के 10 अलग अलग जिलों में ईडी की कार्रवाई जारी है. दुर्ग जिले में ईडी की टीमें 2 गाड़ियों में सवार होकर पहुंची हैं. वहीं भिलाई के हुडको में सुधाकर रावटे के घर ईडी की 6 सदस्यीय टीम पहुंची है.

### कस्टम मिलिंग स्कैम में ईडी ने भिलाई में मारा छापा

**दुर्ग।** दुर्ग में एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को छापामार कार्रवाई कर रही है. ईडी की छह सदस्यीय टीम ने हुडको स्थित सुधाकर रावटे के घर दबिश दी है. टीम सुधाकर रावटे से पूछताछ के साथ कस्टम मिलिंग स्कैम से जुड़े दस्तावेजों को खंगाल रहे है. ईडी की छह सदस्यीय टीम दो गाड़ियों में सवार होकर सुबह-सुबह हुडको स्थित सुधाकर रावटे के घर पहुंच गई. मामला 140 करोड़ से अधिक के कस्टम मिलिंग से जुड़ा बताया जा रहा है. मामले में ईडी की टीम प्रदेश के 10 अलग-अलग जिले में रेड जारी है.

### अब डाकघरों में बिकेगी बीएसएनएल की सिम

**नई दिल्ली ,18 सितंबर ।** डाक विभाग और सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर साइन किया है, जिसके तहत बीएसएनएल के सिम कार्ड्स की बिक्री और रिचार्ज सुविधा डाकघरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की ओर से आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विभाजन को कम करना है।सरकार ने अनुसार, भारतीय डाक के 1.65 लाख डाकघर बीएसएनएल प्रीपेड सिम कार्ड और टॉप-अप सेवाओं के लिए बिक्री केंद्र के रूप में काम करेंगे।

## उत्तराखंड के चमोली में बादल फटने से 5 लोग लापता

नैनीताल,18 सितंबर। उत्तराखंड के चमोली में मूसलाधार बारिश के कारण बादल फटने से कम से कम पांच लोगों के लापता होने की खबर है। कल बुधवार देर रात अचानक हुई बारिश के कारण नंदा नगर में भारी मलबा आ गया, जिससे छह इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग की टीमों को तैनात किया गया है। साथ ही, मलबा हटाने और राहत कार्यों में मदद के लिए जेसीबी मशीनें और अन्य उपकरण भी लगाए गए हैं। मलबे से दो लोगों को जीवित बाहर निकाला गया, जबकि अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद खोज एवं बचाव कार्य जारी है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि तीन एम्बुलेंस के साथ एक मेडिकल टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में चमोली में और भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बादल फटने के बाद कई



निवासी अभी भी अपने घरों में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने लापता लोगों का पता लगाने के लिए जमीनी स्तर पर टीमें तैनात कर दी हैं, हालांकि आगे भी भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। यह घटना देहरादून के सहस्त्रधारा में चार दिन पहले हुए भयानक बादल फटने के बाद हुई, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी। उस आपदा में सड़कें बह गईं, दुकानें और घर क्षतिग्रस्त हो गए, और दो बड़े पुल नष्ट हो गए थे। इस दौरान, देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर को भी भारी नुकसान हुआ। सहस्त्रधारा में बादल फटने और भारी बारिश से तमसा नदी में उफान आ गया, जिसके कारण मंदिर परिसर में पानी भर गया। मंदिर परिसर में कई फीट तक रेत और मलबा घुस गया, जिससे शिवलिंग डूब गया और दीवारों में गहरी दरारें पड़ गईं। स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने देहरादून, चंपावत, उधम सिंह नगर, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, पौड़ीगढ़ और चमोली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

## नेपाल को भारत का पूरा समर्थन है: मोदी

**नई दिल्ली,18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ फोन पर बात की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया और नेपाल में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के लिए भारत का अटल समर्थन दोहराया। साथ ही, उन्होंने नेपाल के संविधान दिवस पर सुशीला कार्की तथा नेपाल के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई दुखद जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। साथ ही, मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।"

नेपाल में सितंबर की शुरुआत भयावह हिंसा से हुई, जब 'जेन Z' आंदोलन ने भ्रष्टाचार, सोशल मीडिया प्रतिबंध और सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर देशव्यापी हंगामा मचा दिया। 8 सितंबर से शुरू हुए इन प्रदर्शनों में पुलिस कार्रवाई के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें कम से कम 72 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, सरकारी कार्यालयों और राजनेताओं के घरों पर हमला कर आगजनी की, जिससे काठमांडू सहित कई शहरों में अराजकता फैल गई। इस संकट के बीच पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने 10 सितंबर को इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति रामचंद्र पडौल ने संवैधानिक प्रावधानों के तहत 12 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। 73 वर्षीय सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं, जिन्हें डिस्कॉर्ड प्लेटफॉर्म पर युवा प्रदर्शनकारियों के अनौपचारिक मतदान से चुना गया। उन की भ्रष्टाचार-विरोधी छवि और न्यायिक अखंडता ने उन्हें जनता का चहेता बना दिया।



कार्की सरकार का कार्यकाल मार्च 2026 तक सीमित है, जब नए संसदीय चुनाव होने हैं। उन्होंने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया और मृतकों के परिवारों को 10 लाख नेपाली रुपये मुआवजे की घोषणा की। अंतरिम सरकार का मुख्य लक्ष्य भ्रष्टाचार उन्मूलन, शासन सुधार और आर्थिक समानता सुनिश्चित करना है।

**भारत का समर्थन: शोक और सहयोग का संदेश-**इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, "भारत नेपाल की स्थिरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। हम दोनों देशों के कल्याण के लिए निकट सहयोग जारी रखेंगे।" प्रधानमंत्री मोदी ने 13 सितंबर को ही सोशल मीडिया पर कार्की को बधाई दी थी, जिसमें उन्होंने नेपाल की शांति एवं समृद्धि के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई थी।

**संविधान दिवस: नेपाल का राष्ट्रीय गौरव का अवसर-**कल, 19 सितंबर को नेपाल अपना संविधान दिवस (राष्ट्रीय दिवस) मना रहा है, जो 2015 में लागू हुए नए संविधान की याद दिलाता है। यह दिन नेपाल के लोकतांत्रिक संघर्ष का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्की को व्यक्तिगत रूप से बधाई देते हुए कहा कि भारत नेपाल के इस राष्ट्रीय अवसर पर उनके साथ खड़ा है। नेपाल में यह उत्सव पारंपरिक रूप से धूमधाम से मनाया जाता है।

## आईएसआई कश्मीर में आतंकवाद को जिंदा रखने घुसपैठ की साजिश कर रहा

**श्रीनगर ,18 सितंबर ।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाई पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर में मरनासन्न आतंकवाद को जिंदा करने के लिए बड़े पैमाने पर घुसपैठ का षडयंत्र रचा है। इसके तहत नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ लगे इलाकों में और जम्मू-कश्मीर व पंजाब की अंतराष्ट्रीय सीमा के निकट कई नए लॉन्चिंग पैड सक्रिय किए गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि करीब एक दर्जन नए लॉन्चिंग पैड पिछले एक माह के दौरान एलओसी के पार सक्रिय हुए हैं। ये प्रमुख जगहें राजौरी-पुंछ, बारामुला-कुपवाड़ा और गुरेज के पास बताई जा रही हैं। साथ ही जम्मू के सांबा जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा पार लूनी और बड़ा बाबा मसरुर क्षेत्र में भी दो नए लॉन्चिंग पैड शुरू होने की सूचना है। प्रत्येक लॉन्चिंग पैड पर लगभग दो-तीन आतंकियों की मौजूदगी बताई जा रही है, कुल मिलाकर करीब 40 आतंकी सक्रिय बताए जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इन आतंकियों में अधिकांश पाकिस्तानी पंजाब और गुलाम जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं, जबकि कुछ के कश्मीरी होने का दावा भी किया जा रहा है। कई ऐसे कश्मीरी आतंकियों की पहचान हुई है जो पिछले कुछ वर्षों में घाटी से अचानक लापता हुए थे या पासपोर्ट के आधार पर पाकिस्तान गए थे। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, इन लॉन्चिंग पैडों पर मौजूद आतंकियों को पाकिस्तानी सेना के विशेष दस्ते (एसएसजी) के साथ कुछ दिनों तक प्रशिक्षण भी दिया गया।

एक नजर

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दुर्ग, 18 सितम्बर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर. के. जाम्बुलकर व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अजय साहू के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 02 से 12 सितम्बर तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान विभिन्न 08 परियोजनाओं के स्कूलों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया गया। दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम कानून, पॉक्सो एक्ट, करियर गाइडेंस, मोबाइल की उपयोगिता, साइबर कानून से बचाव, घरेलू हिंसा, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) से श्रीमती विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, श्री चन्द्रप्रकाश पटेल जिला परियोजना समन्वयक, चाइल्ड लाईन, श्रीमती शिल्पी उपाध्याय वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ,देवलता तिवारी पैरामेडिकल स्टॉफ, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

### हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

**भिलाई,18 सितंबर।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के एक तेज रफ्तार थार (कार) सवार ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया इस घटना में उसकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह ने बताया कि ईश्वर राव (65 साल) घर के काम पर जाने के लिए निकला था सड़क पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार थार (कार) सवार ने अपनी चपेट में ले लिया सूचना मिलने पर यातायात पुलिस व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची गंभीर रुप से घायल ईश्वर को रायपुर एम्स अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### पालना केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए 1 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग, 18 सितम्बर ।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी के अंतर्गत पालना योजना के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत केन्द्र के रिक्त कार्यकर्ता/सहायिका के पद पर नियुक्ति किया जाना है। नियुक्ति हेतु आवेदन 01 अक्टूबर 2025 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग-शहरी (पता- पांच बिल्डिंग बाल संरक्षण गृह परिसर) में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर ) जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर मंदिर परिसर की सफाई की



**जामुल,18 सितंबर।** राजीव नगर वार्ड नंबर 15, जामुल स्थित हनुमान मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर (जिला प्रभारी, स्वच्छता अभियान), सेवा पखवाड़ा प्रभारी ध्रुव देवांगन, सह प्रभारी अरुण यादव, भानु साहू, महामंत्री ओम प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष शेषमणि वर्मा, राकेश वर्मा, संजय यादव, वार्ड पार्षद राजू, पूर्व पार्षद राजेश्वरी रेड्डी, रामचंद्र साहू, राजेंद्र चौहान, युवा मोर्चा महामंत्री अनूप राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेवा, सुशासन और संकल्प के पर्याय हैं प्रधानमंत्री : वर्मा



**भिलाई, 18 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने उन्हें सेवा, सुशासन और संकल्प का प्रतीक बताते हुए उनकी कार्यशैली व उपलब्धियों को प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि साधारण कार्यकर्ता से विश्वनेता तक का मोदीजी का सफर संघर्ष और सफलता का अद्वितीय संगम है। वर्मा ने अपने लेख में लिखा कि मोदीजी के नेतृत्व में जनधन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन किया।

डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत ने देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में चंद्रयान-3, आदित्य एल 1 मिशन, जी 20 अध्यक्षता, धारा 370 हटाना और राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उनकी सशक्त उपस्थिति ने भारत को विश्व राजनीति में नई ऊंचाई दी है। वर्मा ने कहा कि मोदी ने राजनीति को सेवा और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाकर इतिहास रचा है। उनका जीवन हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है।

# इस्पात नगरी में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती





**भिलाई, 18 सितम्बर।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इस्पात नगरी भिलाई में श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय, वाहन शाखा और कुसुम कानन नर्सरी में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। निगम के अधिकारी-कर्मचारी अपने परिवार सहित पूजा- हवन के कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा का पूजन एवं हवन कर आशीर्वाद प्राप्त किए। वाहन शाखा में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें नगर निगम परिवार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। प्रसाद एवं भोजन वितरण से पूरे दिन वातावरण भक्तिमय और रौनक पूर्ण बना रहा।

### निदेशक प्रभारी ने विभागों का किया भ्रमण

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने विभिन्न विभागों का भ्रमण कर पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस दौरान उनके साथ कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, ए.के. चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रविन्द्रनाथ एम., कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।निदेशक प्रभारी ने निदेशक प्रभारी सचिवालय, सी एंड आईटी विभाग में पूजा में हिस्सा लिया।

तथा एचआरडी, परियोजना, एसईडी, सामग्री प्रबंधन, एमआरडी, प्लेट मिल, एसएमएस-2, आरईडी व एलडीसीपी, इलेक्ट्रिकल, ओएचपी-ए और सिंटर प्लांट-3 में जाकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने संपूर्ण संयंत्र बिरादरी को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए सभी के सुख-समृद्धि की मंगलकामना कीं।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर भिलाई में रिकॉर्ड रक्तदान



**भिलाई, 18 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा में भिलाई ने इतिहास रच दिया। वैशाली नगर विधानसभा के विभिन्न सेंटरों में दिनभर चले रक्तदान शिविरों में 3 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें युवतियों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। विधायक रिकेश सेन और भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और निःशुल्क हेलमेट भेंट कर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। सेन ने बताया कि अब तक 2800 रक्तदान का गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, जबकि भिलाई के आंकड़े इसे पार कर नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर हैं। सेवा पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक रक्तदान के साथ स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण और दिव्यांग सहायता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सेक्टर-9 हॉस्पिटल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ




**भिलाई, 18 सितम्बर।** सेक्टर-9 हॉस्पिटल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक डॉ. रविन्द्रनाथ एम ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. सौरभ मुखर्जी व डॉ. उदय कुमार सहित चिकित्सालय परिवार मौजूद रहा। डॉ. रविन्द्रनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान की शुरुआत हुई है। डॉ. पी. मर्सी ने चर्म एवं असंकरणी रोगों पर जानकारी दी। डॉ. मनीषा कांगो ने सिकल सेल पर प्रकाश डाला। डॉ. पूजा सियाल ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह और सिकल सेल से संबंधित जागरूकता दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक शाहिद अहमद, डॉ. संबिता पंडा, डॉ. मनीषा कांगो, डॉ. पी. मर्सी, डॉ. संतोष नशीने, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. सोनाली त्रिवेदी, डॉ. नीना गुहा, डॉ. प्राची मेने, डॉ. दीपक दाशमोहापात्र, डॉ. राहुल, सुश्री शैला अब्राहम, अनुजा सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने ली ओजोन परत संरक्षण की शपथ




**भिलाई, 18 सितम्बर।** भिलाई विद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में 16 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम थी – वैज्ञानिक खोजों व शोधों को वैश्विक कार्यवाही में बदलना। इस अवसर पर चार्ट, मॉडल, स्लोगन, निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी और जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में पवन कल्याण प्रथम, सोनम देवांगन द्वितीय, रितिका साहू तृतीय। पोस्टर प्रतियोगिता में हंसिका पाल प्रथम, सोनिया द्वितीय, के. अक्षया तृतीय, सांत्वना - कोमल। स्लोगन प्रतियोगिता में दिव्या उपाध्याय प्रथम, गौरव कुमार द्वितीय, रूद्र सिंह तृतीय, चंदन यादव चतुर्थ। मॉडल प्रदर्शन में खुशी कुमारी व संजना साव। एवं प्रश्नोत्तरी में संजना साव प्रथम, चंदन यादव द्वितीय, पवन कल्याण तृतीय, रूद्र सिंह चतुर्थ स्थान मिला। सभी विद्यार्थियों को ओज़ोन परत संरक्षण की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली रवाना की। आयोजन में प्राचार्य श्रीमती सुमिता सरकार, श्रीमती रूबी बर्मन रॉय, श्रीमती रेखा पांडे, पंच राम साहू, दिनेश पांडे, श्रीमती उर्वशी साहू, आर.के. चौबे, श्रीमती संगीता सागर, विमल टहनगुरिया सहित इको क्लब प्रभारी व समस्त शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना में विश्वकर्मा भगवान की विधि विधान से हुई पूजा



**कवर्धा, 18 सितंबर।** भोरमदेव शक्कर कारखाना एम डी गौरी शंकर शर्मा सहित अधिकारियों कर्मचारियों मजदूरों ने 17 सितंबर 2025 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विधि विधान से पूजा की । पूजा के उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया । धूमधाम एवं हर्षोल्लास से विश्वकर्मा जयंती मनाया गया ।

# नगर निगम ने बैकुंठधाम में आवास दिवस मनाया




**भिलाई, 18 सितम्बर।** नगर निगम भिलाई द्वारा आवास दिवस का आयोजन बैकुंठ धाम में किया गया। शुभारंभ सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्ण आवास हितग्राहियों के गृह प्रवेश से हुआ। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त एवं नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आवास योजना के अंतर्गत मोर जमीन-मोर मकान घटक के 125 हितग्राहियों को बिल्डिंग परमिशन प्रदान की गई। मोर मकान-मोर आस व मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के 38 हितग्राहियों को मकान का कब्जा पत्र, चाबी एवं गृह प्रवेश प्रमाण पत्र सौंपा गया। 12 हितग्राहियों को स्वतंत्र फाइनेंस बैंक प्रा. लि. द्वारा ऋण उपलब्ध कराया गया, जिसकी राशि निगम कोष में जमा कराई गई। कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम योजना के तहत 200 पौधे वितरित किए गए। वूमेन फार ट्री योजना के अंतर्गत 4 महिला स्व-सहायता समूहों को साड़ी, एप्रन, जूते व गार्डन किट प्रदान की गई। साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विधायक रिकेश सेन ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाई देते हुए हितग्राहियों को गृह प्रवेश की शुभकामनाएं दीं। महापौर नीरज पाल ने शहरवासियों से इंदौर स्वच्छता मॉडल को अपनाने का आह्वान किया। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सूर्य घर योजना, शहर की स्वच्छता व वीमेन फार ट्री योजना की जानकारी दी। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने आवास योजना को प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण पहल बताया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता नीतेश मेश्राम, शरद दुबे, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन और विभागीय कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।



### कलेक्टर ने किया निर्वाचक नामावली मिलान कार्य का निरीक्षण

**दुर्ग, 18 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 (दुर्ग शहर) के अंतर्गत तिलक स्कूल के साथ अन्य स्कूल में चल रहे मतदाता सूची (निर्वाचक नामावली) के मिलान कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलान प्रक्रिया को सटीकता से संपन्न करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची को वर्ष 2025 की अद्यतन सूची से व्यवस्थित ढंग से मिलान करने के निर्देश दिए। उन्होंने 2003 की सूची के ए और बी मतदाताओं का मिलान 2025 की सूची से करते समय 2025 की सूची में संबंधित मतदाता के सरल क्रमांक के सामने 2003 की सूची का सरल क्रमांक भी अंकित करने को कहा।

# भिलाई-चरौदा निगम में विश्वकर्मा पूजा के बाद हुआ कर्मवीरों का सम्मान



**भिलाई-03।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में भगवान विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से आयोजित हुई। इस अवसर पर महापौर निर्मल कोसरे, कमिश्नर डी.एस. राजपूत सहित निगम स्टाफ ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। पूजन के बाद निगम कार्यालय से लगे मंगल भवन में कर्मवीरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर डी.एस. राजपूत ने कहा कि स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम कर्मियों के अथक प्रयासों से ही भिलाई-चरौदा निगम को सफाई के क्षेत्र में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि चाहे सफाई कर्मी हों, पेयजल विभाग से जुड़े कर्मचारी हों या निगम का कोई भी साथी–सभी निगमोत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में निगम स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए, संचालन लिगेश्वर राव ने किया। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य मोहन साहू, पार्षद साहब वर्मा, टेनेन्द्र ठाकरे, गुरुचरण सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थवानी, सहायक अभियंता आलोक पसीने, हेमंत साहू, उप अभियंता मुकेश रात्रे, मुकेश चन्द्राकर, वाहन शाखा के हरीश यादव, अविनाश चन्द्राकर, चेतन देवांगन, सुरेश नासरे सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिव जी अर्पण सेवा समिति बांटेगी बच्चों संग खुशी

**भिलाई, 18 सितम्बर।** शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा 19 सितम्बर बृहस्पतिवार को खुशी के पल बच्चों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, कृष्णा नगर में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को पेंसिल, रबर, कटर, पेंसिल पाउच और चॉकलेट वितरित करेंगे, साथ ही बच्चों के लिए दांत जांच की विशेष टीम भी उपस्थित रहेगी।

# विधायक ललित चंद्राकर ने 97 हितग्राहियों को गृहप्रवेश कराया




**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर रिसाली नगर निगम के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के 97 हितग्राहियों को सांकेतिक चाबी और प्रमाण पत्र प्रदान कर गृह प्रवेश कराया गया। विधायक चंद्राकर ने कहा कि अंगीकार 2025 का आज पहला दिन है और यह अभियान 31 अक्टूबर तक पूरे देशभर में चलेगा। प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री सूर्य घर और पीएम स्वनिधि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों को शुभकामनाएं दीं। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि मोर जमीन-मोर मकान योजना के अंतर्गत 1810 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 1737 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इससे पहले 85 और आज 97 लोगों का गृह प्रवेश कराया गया। योजना से संबंधित जानकारी राजकुमारी बघेल, आइरा आनंद और छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री रवि कुमार ने दी। कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, सभापति केशव बंछोर सहित जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी सनीर साहू, पार्षद मनीष यादव, उप नेता प्रतिपक्ष माया यादव, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, सविता ढवस, ईश्वरी साहू, शीला नारखेड़े, सरिता देवांगन, रमा साहू, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया। उन्होंने 100 घंटे सफाई अभियान में भागीदारी का भी आह्वान किया।

# युवती से 40 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 18 सितंबर।** भिलाई छावनी थाने पुलिस ने एक ऐसे ठग को गिरफ्तार किया है जिसने इंस्टाग्राम में युवती से दोस्ती कर आपने आप को कपड़े के बड़ा व्यवसायी बताकर 40 लाख से ज्यादा की ठगी की है आरोपी ने पहले युवती को विश्वास में लेकर सोने-चांदी के जेवरातों तथा प्रार्थी व उनकी पत्नी के नाम से अलग-अलग बैंक में जमा फिक्स डिपॉजिट रकम निकाल ली इतना ही नहीं आरोपी ने 4 दो पहिया वाहन एवं मोबाइल प्रार्थी एवं उसकी पुत्री के नाम से फायनेंस कर ली छावनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि प्रार्थी राजकुमार गुप्ता निवासी देना बैंक के पीछे नंदिनी रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि तुषार गोयल नाम के लडके ने उनकी पुत्री से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर उससे संपर्क कर उसे विश्वास मे लेकर उससे नेकलेस 2 नग, चेन 2 नग, जेट्स अंगूठी 3 नग, चुड़ी 4 नग, लेडिस अंगूठी तीन नग, मंगलसूत्र एक नग, कान का झुमका 1 जोड़ी, कान का टाप्स 5 जोड़ी, कान का एडी पैंडल डायमंड का सोने का चेन लगा एक नग, नाग का नथनी 1 नग तथा प्रार्थी एवं उसकी पत्नी मंजू गुप्ता के नाम से अलग-अलग बैंक में जमा फिक्स डिपॉजिट रकम लगभग 2600000 रुपए को धोखाधड़ी कर निकाल लिया। धोखे में रखकर 4 दो पहिया वाहन एवं मोबाइल प्रार्थी एवं उसकी पुत्री के नाम से धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर छावनी पुलिस मामले में धारा 420 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी पुलिस कार्रवाई से बचने मकान बदल बदल कर किराये के मकान में रहता है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी तुषार ने प्रार्थी की पुत्री से लेकर गिरवी रखा सोने चांदी के आभूषण वजनी करीब 165 ग्राम व उसकी पत्नी एवं पुत्री के नाम से अलग-अलग फायनेंस कराया गया चार नग दो पहिया वाहन को आरोपी के निशादेही पर जब्तकर आरोपी तुषार गोयल (21 साल ) निवासी शिक्षक नगर दुर्ग को गिरफ्तार किया है उक्त कार्यवाही में छावनी थाना उप निरीक्षक वरुण देवता,आरक्षक विकाश सिंह,आरक्षक विकास तिवारी ,आरक्षक तालेन्द्र चंद्राकर महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# विधायक भावना बोहरा के प्रयास से वनांचल के 70 से अधिक लोगों ने की मूल धर्म में वापसी

**कवर्धा, 18 सितंबर।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निरंतर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार से लेकर आदिवासी एवं वनवासी संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। जमीनी स्तर पर उनके इन प्रयासों से वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले जनजाति परिवारों को लाभ मिल रहा है तो वहीं आज पंडरिया विधानसभा में भोले-भाले जनजाति समाज के लोगों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने वालों पर कड़ा प्रहार हुआ है। पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 70 लोगों की आज घर वापसी हुई। विधायक भावना बोहरा ने विशेष पिछड़ी जनजाति छात्रावास मैदान, कुई-कुकदुर में सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित संस्कृति गौरव सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में ग्राम झूमर, बोहिल,आगरपानी, नेउर और छिंदीडीह के 70 जनजाति समाज के लोगों के पैर पखारकर अभिनंदन एवं स्वागत कर उन्हें मूल धर्म में वापसी कराया। इस दौरान पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अभियान की जानकारी एवं जागरूकता के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 75वां जन्मदिन है सबसे पहले मैं उन्हें पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता की ओर से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ और उनके सुयशपूर्ण, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करती हूँ। आज प्रधानमंत्री जी के युगांतकारी निर्णयों एवं जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से देश की मातृशक्ति, सैन्यशक्ति, युवाशक्ति, आदिवासी समाज और कृषक बंधुओं के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे कार्य विकसित भारत के संकल्प को मज़बूती प्रदान कर रहे हैं। अन्त्योदय के संकल्प के साथ वे हर जाती,धर्म और समाज को एक साथ देश की इस विकास यात्रा का सहभागी बनाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने एवं देश के विकास को नई गति देने के लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य कर रहें हैं।हमारी धार्मिक संस्कृति,विरासत एवं सभ्यता को सहेजने में भी उनके प्रयासों से आज हमारा देश समृद्ध बन रहा है, विशेषकर हमारे जनजाति समाज के लोगों के कल्याण, सम्मान व उत्थान के लिए उनकी निरंतर तत्परता से उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहें हैं वहीं हमारे छत्तीसगढ़ में भी जनजाति और आदिवासी समाज के प्रति उनका स्नेह स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। उन्होंने आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व के नए अवसर दिए और श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को देश के सर्वोच्य पद राष्ट्रपति और आदिवासी समाज से आने वाले माननीय विष्णु देव साय जी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाकर आदिवासी समाज के प्रति सम्मान को व्यक्त किया है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर हमने भी पंडरिया विधानसभा में निरंतर आदिवासी एवं जनजाति समाज के उत्थान और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरन्तर प्रयास किया। भावना बोहरा ने कहा कि वनांचल क्षेत्र में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, शैक्षणिक सुविधाओं, निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब,अधोसंरचना व विकास कार्य, जनजाति परिवारों के लिए 3300 से अधिक पीएम आवास, पीएम जनमन योजना से करोड़ों की लागत से पक्की सड़कों का निर्माण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही विधानसभा पटल पर उनकी समस्याओं व उसके समाधान के लिए निरंतर आवाज उठाई है। उनकी संस्कृति,सभ्यता और धरोहरों को सहेजने की दिशा में कार्य किया । उसी के फलस्वरूप आज पंडरिया पंडरिया विधानसभा के जनजाति समाज के 70 लोगों ने घर वापसी करते हुए अपने मूल धर्म को अपनाया जिनका हमने सहर्ष स्वागत करते हुए आज इस कार्यक्रम के माध्यम से उनका अभिनंदन किया।धर्मांतरण के विषय पर भावना बोहरा ने कहा कि घर वापसी केवल आस्था का विषय नहीं है ।



**एक नजर**

## तिल्दा मंडल के प्रत्येक बूथ में स्वच्छता अभियान चलाया

**तिल्दा नेवरा, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच के रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष आशा देवी उर्फ उमा देवी साहू एवं उत्तरप्रदेश के सहप्रभारी व मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी दास जी साहू के निर्देशानुसार , राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम , नरेंद्र मोदी विचार मंच यादव जी फ्यूल के मालिक मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने तिल्दा मंडल के प्रत्येक बूथों स्वच्छता अभियान का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच के तिल्दा नेवरा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी साहू उर्फ उमा देवी साहू एवं। प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ दास जी साहू विशेष रुप से अपने पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए ।

## विश्वकर्मा जयंती पर टाकाघर में पूजा-अर्चना

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा,जल विद्युत व मोटर विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी। जयंती के अवसर पर पुष्पवाटिका,लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजिनीयर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था। उन्हीं की याद में प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकि शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकि विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकि अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म,जल,विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व पिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की



**राजनांदगांव 18 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्ग दर्शन में दिनांक 17/09/2025 को जरिये मुखबीर से मोबाईल से सुचना मिला थाना क्षेत्रांतर्गत आम लोगों को शराब पीने व पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराकर शराब पिला रहे है। कि सुचना पर अलग अलग जगह में रेड कार्यवाही कर आरोपीगण के विरूद्ध गवाहों के समक्ष धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी. राजेश साहू, सउनि ए.पी शीला, आर. राजकुमार बंजारा, आर. कमल किशोर यादव की भूमिका सराहनीय रही है।

## शराब कोचिया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार-भाटापारा, 18 सितंबर।** दिनांक 17.09.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा रिसदा रोड पानी टंकी के पास में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3200 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मसाला शराब एवं ?250 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- अमित डहरिया उम्र 24 वर्ष निवासी दशरमा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली।

## रोजगार मेले में 1458 पदों पर होगी भर्ती

**बलौदाबाजार,18 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 18 सितम्बर 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बलौदाबाजार में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।रोजगार मेला में अप्रेन्टिस सहित कुल 1458 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 28 नियोजकों द्वारा अपनी -अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों जैसे आईटी सेक्टर हॉस्पिटल, बीमा, फॉयर सेफ्टी सिक्योरिटी सेक्टर, फुड्स प्रोसेसिंग, इंडस्ट्रीज सेक्टर सेल्स, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर,मुंशी, मैनेजर, सुपरवाइजर, एकाउंटेंट,मिल आपरेटर लेवर एवं अन्य पद पर कार्य करने हेतु 1236 पद एवं अप्रेंटिसशिप के लिये 3 नियोजको द्वारा 222 पदों पर भर्ती की जायेगी।

# डॉ. रमन सिंह ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

### स्वच्छता ही सेवा अभियान : एक पेड़ मां के नाम के तहत मंदिर परिसर में पौधारोपण


तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 18 सितम्बर।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। सुपर स्वच्छता लींग कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव प्रसंग पर स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर आज महापौर श्री मधुसूदन यादव, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, अधिकारियों व कर्मचारियों, स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों ने सिद्ध पीठ माँ शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफसफाई किये, सफाई के अंतर्गत बुढ़ा सागर के किनारे साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाया गया। वही एक पेड माँ के नाम के लिये महापौर श्री यादव, पूर्व मण्डी उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन, विधायक प्रतिनिधि श्री तरूण लहरवानी, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री शैकी बग्गा, राजेश जैन रानू, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा सिन्हा,पार्षद सर्वश्री श्री शिव वर्मा, कमलेश बंधे, रवि सिन्हा, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर,चंद्रशेखर लश्करे, पूर्व पार्षद सर्वश्री देवेन्द्र मोहन लाला, शरद सिन्हा, बलवंत साव, पूर्व नामांकित पार्षद श्री हकीम खान, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुरंजेकर, राजेश यादव ने मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजाति ने पौधे रोपित किये।

स्वच्छता अभियान के प्रथम दिन साफ सफाई के अलावा विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी ने जनप्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिको, निगम पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों को स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाई कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेगे, हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम स्वयं को एक स्वच्छ स्वस्थ्य और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिये पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करेंगे, जिसमें हम अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेगे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने आवास मेला कार्यक्रम में की शिरकत




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 सितम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गांधी सभागृह राजनांदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत आयोजित अंगीकार 2025 एवं आवास मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 7956 आवासों की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें से 7730 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण आवास की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। नये आवास में सम्मान के साथ आज सभी हितग्राही गृह प्रवेश करने जा रहे है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को नये आवास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## ग्राम पंचायतों में आदि सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,18 सितम्बर।** आदि सेवा कर्मयोगी अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में आदि सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बुधवार को जिले के जनजातीय बाहुल्य 46 ग्राम पंचायतों में आदि सेवा केंद्र का शुभारम्भ किया गया। विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में आदि सेवा केंद्र शुभारम्भ अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती पांचो बाई चौहान, सरपंच, उपसरपंच, पंच, ग्राम प्रमुख, समाज प्रमुख, सक्रिय महिला उपस्थित थे।

बताया गया कि आदि सेवा पखवाड़ा के दौरान सेवा केंद्रों में समस्याओ का निदान, शिकायत निवारण एवं सेवा प्रदाय किया जाएगा।सभी छात्रावासों,आश्रमो में सफाई अभियान, वृक्षारोपण, छात्र पालक सम्मेलन,चित्रकला,खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## जिपं अध्यक्ष ने राम लला के दर्शन को जाने वाले यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### श्री राम लला दर्शन योजना




**बिलासपुर, 18 सितंबर।** रेल्वे स्टेशन तीर्थयात्रियों के द्वारा प्रभु श्री राम के लिए लगाये जा रहे जयकारे से गुंजायमान रहा। तीर्थयात्रियों के परिजनों और मित्रों ने इस पुण्य अवसर का साक्षी बन उन्हें सुखद यात्रा की शुभकामनाएँ दी। ट्रेन रवाना होने के पूर्व तीर्थयात्रियों का स्वागत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकनृत्यों एवं लोकवाद्यों से किया गया। आईआरसीटीसी के प्रतिनिधियों द्वारा सभी तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर अभिन्दन किया गया। बिलासपुर रेल्वे स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत और अयोध्या धाम रवाना करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर श्री राजेश सूर्यवंशी जी ,जिला पंचायत अध्यक्ष मुंगेली श्रीकांत पांडे जी , पूर्व महापौर बिलासपुर वाणी राव जी , नगर निगम सभापति विनोद सोनी जी ,आदरणीय जिला पंचायत सीईओ बिलासपुर श्री संदीप अग्रवाल जी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। ट्रेन प्रस्थान के दौरान जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी, रेल्वे, एवं IRCTC के कर्मचारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रदेश वासियों को उनके जीवन काल में एक बार प्रभु श्री राम लला के दर्शन (अयोध्या धाम) कराए जाने की राज्य सरकार के घोषणा पत्र अनुसार दिनांक 23/02/2024 को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड तथा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन के मध्य MOU संपादित किया गया था। इस योजना के अंतर्गत अब तक छत्तीसगढ़ के लगभग 28,900 दर्शनार्थियों को निःशुल्क दर्शन कराया जा चुका है।

प्रभु श्री राम लला दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या धाम के लिए यह स्पेशल सप्ताहिक भारत गौरव ट्रेन रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर-दुर्ग (संयुक्त) संभाग के यात्रियों को श्री राम लला अयोध्या धाम दर्शन के लिए निरंतर जारी रहेगी।

## किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर किया गया मत्स्य बीज वितरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार,18 सितम्बर।** रजत जयंती के अवसर पर मत्स्य कृषको को गौड़ खनिज न्यास निधि और मछली पालन विभाग के अभिसरण के माध्यम से शतप्रतिशत अनुदान में मत्स्य बीज वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कोहरौद के लगभग 50 मत्स्य कृषकों को मत्स्य बीज़ वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुश्री इन्दु जांगड़े , सहायक संचालक व्ही0 के0 वर्मा, सरपंच एवं पंच उपस्थित थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के समस्त विकासखण्डों के 734 मत्स्य कृषकों को विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग वितरण योजना अनर्गत गौड़ खनिज न्यास मद् एवं मछली पालन विभाग के अभिसरण से शत् प्रतिशत अनुदान में फिंगरलिंग मत्स्य कृषकों को विररित किया जा रहा है। विभागीय 50 प्रतिशत फिंगरलिंग योजना अन्तर्गत प्रति मत्स्य कृषक प्रति हेक्टेयर जलक्षेत्र में 4000 रुपये का फिंगरलिंग दिये जाने का प्रावधान है जिसमें 2000 हितग्राही अंश एवं 2000 रुपये विभाग से अनुदान स्वरूप फिंगरलिंग प्रदाय किया जाता है। जिले के चयनित मत्स्य कृषकों जिन्हे नियमानुसार जलक्षेत्र 10 वर्षीय पट्टे पर विभाग द्वारा प्रदाय किया गया है, ऐसे मत्स्य कृषकों का हितग्राही अंश गौड़ खनिज न्यास मद् से स्वीकृत किया गया है। मत्स्य कृषकों को निरोगी, उन्नत किस्म प्रजाति के कतला, रोहू, मृगल मत्स्य बीज (फिंगरलिंग) को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र कोहरौद, सकरी, बिलारी से प्रदाय किया जाएगा।

## काम,क्रोध,लोभ,मोह को हावी न होने दो : मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव 18 सितंबर।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि हम अब तक अनेक जन्म ले चुके हैं। हम सभी कोई न कोई संबंध में पहले रह चुके हैं।आज हम जिसे चाचा कह रहे हैं हो सकता है कि वह पिछले जन्म का हमारा फूफा या मामा रहा हो। उन्होंने कहा कि भव बदला है भाव नहीं बदले हैं।

जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में मुनि श्री वीरभद्र(विराग)जी ने कहा कि भीतर जब कुछ प्रवेश हो जाता है तो व्यक्ति अपने आपे में नहीं रहता। कषायों( काम, क्रोध, मोह और लोभ) को भीतर प्रवेश करने ना दो और यदि प्रवेश कर गया है तो इसे हावी न होने दो। हालांकि काम, क्रोध, लोभ का भूत सबके अंदर है, फिर भी इसे हावी न होने दो। हो सके तो इसे अपने भीतर से बाहर निकाल दो और सुख व शांति की जिंदगी व्यतीत करते हुए साधना करो।काम, क्रोध, लोभ आदि जीवन को भटकाने वाले हैं। मन में वीतराग लाओ। वीतराग आने से राग द्वेष खत्म हो जाते हैं। वीतराग अंदर हो तो राग - द्वेष स्वमेव ही बाहर हो जाएंगे।

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि चाहे कितनी प्रतिकूलता हो बस इन प्रतिकूल परिस्थितियों को पार कर हमें आगे बढ़ना है। रोग का राग बहुत खतरनाक होता है। इससे दूर रहो और बच्चों को संस्कार दो। एक बार संस्कार अंदर रच बस जाए तो फिर वह संस्कार इतनी आसानी से हटाया नहीं जा सकता। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाज़रा ने दी।

## 20 लीटर कच्चा महुआ शराब जब्त




**बलौदाबाजार-भाटापारा, 18 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 17.09.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सेमरा (भैसामुडा) नारायण तालाब के पास में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 4000 कीमत मूल्य का 20 लीटर हांथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- परस राम उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा (भैसामुडा) थाना गिधौरी।

## सभी अस्पतालों में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान



**बलौदा बाजार, 18 सितम्बर।** शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का जिले में बुधवार को शुभारम्भ किया गया। अभियान अंतर्गत पहले दिन जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसमें 2000 से अधिक हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच की गई ।उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक समस्त अस्पतालों में आयोजित किया जाएगा । इस अभियान के अंतर्गत सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाएं, स्वस्थ जीवन शैली और स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा के अनुसार समस्त अस्पतालों में आयोजन होंगे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया कि आज महिला पुलिस कर्मियों, जनप्रतिनिधियों ,महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में की गई।इसके साथ ही आभा आईडी निर्माण ,वय वंदन कार्ड बनाया गया।

## पीएम मोदी के जन्मदिवस पर की अस्पताल में सफाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा नेवरा, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ÷सेवा पखवाड़ा÷ के अंतर्गत आज शासकीय स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया और सफाई के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया।


नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला खुमान वर्मा ने कहा हमें गर्व है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है. आज सभी देश भारत की ओर देखते हैं और हमारे प्रधानमंत्री से सुझाव भी लेते हैं. आज भारत की आवाज हर देश बड़े गौर से सुनता है. जिस तरह से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी की जिंदगी जीते हुए प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचे हैं, वो गर्व की बात है. हमारे प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार समझते हैं और उनके लिए काम कर रहे हैं. स्वच्छता अभियान राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही स्वच्छ और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत मिशन को गति देते हुए हम सबका दायित्व है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ, आत्मनिर्भर भारत, घर-घर स्वदेशी और समृद्ध भारत दें।

ग्राम पंचायत घुलघुल में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण भी गया तथा ग्राम पंचायत छतौद में जिला पंचायत सभापति श्रीमती स्वाति वर्मा की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिको को श्रीफल और गमछा पहना कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि और भाजपा रायपुर ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल भाजपा रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष राम पंजवानी कार्यक्रम संयोजन नरेंद्र शर्मा ,मण्डल मनोज निषाद ,नगर पालिका ,पार्षदगण ओर भाजपा पार्टी पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर हुई विशेष पूजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठेकेदार शिवप्रसाद साहू ने अपने सभी मिस्त्री एवं श्रमिक साथियों के साथ मिलकर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा की। पूजा स्थल को रंगोली, फूलों और धूप-दीप से सजाया गया था, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत पं. लक्ष्मीकांत तिवारी व मनोज तिवारी के मंत्रोच्चार और आरती के साथ हुई। इसके बाद सभी श्रमिकों ने अपने औजारों की पूजा की, जो निर्माण कार्य में उनके मुख्य साधन हैं। ठेकेदार ने भगवान विश्वकर्मा से सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षा और समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया और सभी को मिठाइयाँ खिलाई गईं।

इस अवसर पर ठेकेदार ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती श्रम और कौशल का पर्व है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हर निर्माण कार्य में मिस्त्रियों और श्रमिकों का योगदान अमूल्य होता है। कार्यक्रम सौहार्द्र और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ठेकेदार शिवप्रसाद साहू राजमिस्त्री परदेसी साहू प्रताप साहू बाबूलाल निषाद मोहन ध्रुव विनोद यादव मंगल निषाद आदि बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही ।

## संपादकीय

### फिर दिया बातचीत का प्रस्ताव

बारिश में भी सुरक्षा बलों के निरंतर नक्सल विरोधी अभियान चलाने के कारण नक्सलियों को कहीं रहने,ठहरने का ठिकाना नहीं मिल रहा है, वह कहीं भी जाते हैं या ठहरते हैं तो सुरक्षा बलों को उनकी खबर लग जाती है और सुरक्षा बल उनको घेर कर मार देते हैं। हाल ही में कई बड़े आपरेशन में बड़े नक्सली नेता मारे गए हैं। कई बड़े नक्सली नेताओं ने सरेंडर किया है। नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र में हालत यह हो गई है कि जिस क्षेत्र में पहले नक्सलियों के पोस्टर बहुतायत लगे दिखते थे और लोगों को डराने वाले संदेश होते थे, अब नक्सल प्रभावित माने जाने वाले क्षेत्र में पुलिस के पोस्टर लगे दिखने लगे हैं जिसमें बड़े व लोकल नक्सली नेताओं की फोटो होती है, इनाम की राशि होती है और लोगों के लिए संदेश होता है कि इनको कहीं भी देखने पर पुलिस को सूचना दें। इससे पुलिस को नक्सलियों की सूचना पहले से ज्यादा मिल रही और वह मारे भी जा रहे हैं इसका असर यह हुआ है कि नक्सली परेशान हैं, वह कुछ कर नहीं पा रहे हैं और आए दिन मारे जा रहे हैं, उनका संख्या निरंतर कम होती जा रही है। नक्सलियों के बड़े नेताओं को यह समझ नहीं आ रहा है कि वह नक्सलियों को बचाएं कैसे। आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में सुरक्षा बलों ने 18 महीनों में 450 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं,परेशानी की बात यह है कि इनमें 13 बड़े नक्सली लीडर है। फोर्स के बढ़ते दबाव के चलते नक्सलियों ने फिर एक बार बातचीत का प्रस्ताव दिया है। उनकी तरफ से कहा गया है कि वह हथियार छोड़कर बातचीत के लिए तैयार हैं। शांति वार्ता के लिए नक्सलियों का यह छठा प्रयास है। सरकार का पलड़ा भारी है, इसलिए हमेशा की तरह सरकार ने इस बार के प्रस्ताव को भी गंभीरता से नहीं लिया है। गृहमंत्री का कहना है कि नक्सलियों की मांग ही स्पष्ट नहीं है। उनका दो टूक कहना है कि सरकार ने नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति बनाई है, उनको मुख्य धारा से जुड़ना है तो वह कानून सम्मत तरीके से हथियार डालें।सरकार का नक्सलमुक्त अभियान जारी है और वह इस तरह के पत्र से तो रुकने वाला नहीं है क्योंकि नक्सली बात शांति की करते हैं और अपने संगठन को ही मजबूत करते हैं।

# हिमाचल प्रदेश से नरेन्द्र मोदी का अटूट रिश्ता

**प्रेम कुमार धूमल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा - एक समर्पित कार्यकर्ता से लेकर देश के सर्वोच्च नेतृत्व तक - भारत के विभिन्न अंचलों से उनके गहरे जुड़ाव की कहानी है। इन जुड़ावों में से एक विशेष व्यक्तिगत, राजनीतिक और आध्यात्मिक संबंध हिमाचल प्रदेश से रहा है। देवभूमि, वीरभूमि और अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य की धरती। देश की बागडोर संभालने से बहुत पहले ही, नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल की पवित्र वादियों पर अपनी छाप छोड़ दी थी।

मोदी का हिमाचल से औपचारिक जुड़ाव वर्ष 1994 में हुआ, जब उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया। नियुक्ति से पहले भी उनकी हिमाचल यात्राएँ आध्यात्मिक साधना और स्थानीय संस्कृति से गहरे संपर्क का माध्यम रही थीं। वे शिमला के जाखू और संकटमोचन मंदिरों में अक्सर जाया करते थे और मार्ग में बंदरों को खिलाने के लिए चना और गुड़ अपने साथ रखते थे - यह उनके जीवों एवं प्रकृति के प्रति करुणा भाव का परिचायक था।

1998 का विधान सभा चुनाव नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं हिमाचल से उनके जमीनी जुड़ाव का परिचायक रहा। उस दौर में न सोशल मीडिया था और न आधुनिक प्रचार साधन, फिर भी उन्होंने कड़ी यात्राएँ निकालीं और जनसंपर्क के अभिनव तरीके खोज निकाले एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाया। साथ ही स्थानीय संस्कृति को सम्मान देते हुए अनोखे स्वागत द्वार बनवाए। चंबा में उनकी ही पहल पर बना 'गद्दी शॉल गेट' न सिर्फ स्थानीय गौरव का प्रतीक बना, बल्कि भाजपा का संदेश सीधे जनता के दिल तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ। हिमाचल से नरेन्द्र मोदी का जुड़ाव केवल संगठन और राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यहाँ की प्रकृति और लोगों से उनका गहरा आत्मीय संबंध भी समय-समय पर सामने आया है। नरेन्द्र मोदी अकसर हिमाचल प्रदेश में बिजली महादेव के दर्शन करने को जाते थे, जो वहाँ के स्थानीय देवता हैं। मार्ग में वह ग्रामीणों से सहजता से बातचीत करते और उनके अनुभवों व परिस्थितियों को समझने में रुचि दिखाते थे। मंदिर पहुँचने के बाद मोदी न केवल दर्शन करते, बल्कि आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद भी लिया करते थे। उन्होंने हिमाचल भाजपा संगठन को मजबूती और नई ऊर्जा देने में अहम भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक अनुशासित, संगठित और गंभीर बनाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। पुराने कार्यकर्ता याद करते हैं कि प्रभारी के रूप में उन्होंने सबसे पहले प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले आधे दिन की औपचारिक प्रक्रिया हुआ करती थी, उसे दो दिन की आवासीय पद्धति में बदल दिया। यही कदम संगठन को सशक्त करने की मजबूत नींव बना। उन्होंने हिमाचल के भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और उसमें नई ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक व्यवस्थित और गंभीर दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार किया। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता स्मरण करते हैं कि प्रभारी के रूप में आते ही उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले केवल आधे



दिन की औपचारिकता होती थी, उसे दो दिन का आवासीय कार्यक्रम बनाकर संगठन को मजबूत करने की ठोस नींव रखी।

उन्होंने हिमाचल संगठन में कार्यकर्ताओं से सहयोग लेकर कार्य करने की परंपरा की शुरुआत की, जिसका जीवंत उदाहरण शिमला का कार्यालय 'दीपकमल' है। इसका निर्माण और उद्घाटन उनके प्रभार काल में हुआ, जिसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी माता जी उनको खर्च करने के लिये जो पैसे देती थी, प्रदेश कार्यालय निर्माण के लिये उन्होंने वो पैसे पार्टी को दे दिये जिसके कारण अन्य कार्यकर्ता भी योगदान देने के लिये प्रेरित हुये। उन्होंने न केवल कार्यालय के निर्माण में मार्गदर्शन और सहयोग दिया, बल्कि हिमाचल के कार्यकर्ताओं को इसे कंप्यूटर के उपयोग के साथ आधुनिक स्वरूप देने के लिए भी प्रेरित और प्रशिक्षित किया।जब 1998 में हिमाचल विधानसभा समय से पहले भंग हुई, तब मोदी की राजनीतिक सूझबूझ ने सबको चकित कर दिया। उन्होंने भाजपा और हिमाचल विकास कांग्रेस (एचवीसी) के बीच गठबंधन कराया, निर्दलीय विधायक का समर्थन सुनिश्चित किया और यहाँ तक कि कांग्रेस नेता ठाकुर गुलाब सिंह को स्पीकर पद के चुनाव में उतरने के लिए तैयार कर लिया। इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस की संख्या घटी और प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में भाजपा-एचवीसी सरकार का गठन संभव हो सका। यह उनके अद्वितीय रणनीतिक कौशल का प्रमाण था।

हिमाचल से उनका संबंध केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहा। यहाँ से मिली सीख को उन्होंने आगे भी लागू किया। सोलन की मशरूम खेती को उन्होंने बाद में गुजरात में प्रोत्साहन दिया। विश्वविद्यालयों में रक्षा और सामरिक अध्ययन शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि हिमाचल की सैनिक परंपरा को शैक्षिक आधार मिले। नरेन्द्र मोदी ने पैराग्लाइडिंग करना भी हिमाचल प्रदेश से ही सीखा। राजनीति से परे, मोदी सदैव हिमाचल को 'देवभूमि' मानते रहे। वे पहाड़ी मंदिरों में पेड़ों के नीचे बैठकर लंबे समय तक ध्यान साधना करते थे। प्रकृति और ईश्वर के प्रति उनकी गहरी आस्था उनके जीवन और कार्यशैली दोनों में झलकती थी। वे हिमाचली भोजन के विशेष शौकीन हैं - मंडी की सेपू बड़ी, चंबा का मधरा और कांगड़ा की धाम उनकी पसंदीदा व्यंजनों में गिने जाते हैं। स्थानीय संस्कृति के प्रति यह आत्मीयता उन्हें हिमाचलवासियों के और करीब लाती है।

उनकी स्मरण शक्ति भी इस जुड़ाव को और विशेष बनाती है-वर्षों पुराने कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को वे आज भी नाम लेकर पहचानते हैं। 2017 में शिमला के एक कार्यक्रम में उन्होंने मंच से कई पुराने साथियों को नाम लेकर संबोधित किया और कार्यक्रम के बाद इंडियन कॉफी हाउस पहुँचकर वहाँ की कॉफी का आनंद लिया, जिसका जिक्र उन्होंने अपने संबोधन में भी किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान सोलन में उन्होंने मंच से पुराने दिनों को याद करते हुए मनोहर जी के चनों का भी उल्लेख किया। ऐसे प्रसंग यह दर्शाते हैं कि हिमाचल से नरेन्द्र मोदी का रिश्ता केवल कर्तव्य तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी स्मृतियों, रुचियों और जीवन के अनुभवों का हिस्सा है-और इस रिश्ते के और भी पहलू समय-समय पर सामने आते रहते हैं। आज प्रधानमंत्री के रूप में वे हिमाचल को विशेष प्राथमिकता देते हैं-चाहे वह रोहतांग टनल का निर्माण हो या पर्यटन एवं आधारभूत ढाँचे का सुदृढ़ीकरण। हिमाचल ने नरेन्द्र मोदी को अपनेपन, विश्वास और सीख दी, और बदले में मोदी ने हिमाचल को नई ऊर्जा, विकास और गौरव की पहचान दी। यही रिश्ता इस अनोखे अध्याय को पूर्णता भी देता है और भविष्य के लिए संभावनाओं का द्वार भी खोलता है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका धन यदि कही फंसा हुआ था, तो आप उसकी वसूली कर सकते हैं। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे और आपको अच्छे कामों के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी दी गई सलाह बॉस को पसंद आएगी और आपके मनपसंद काम मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने पिताजी को यदि काम को लेकर कोई सलाह देंगे, तो वह आपके लिए बेहतर रहने वाले हैं। आप अपने घर का काम भी शुरू कर सकते हैं।

वृषभ आज आप अपने व्यवसाय में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन उनसे आप घबराएंगे नहीं और संतान को कहीं पढ़ाई के लिए बाहर भी भेज सकते हैं। आपको नौकरी में अपने बॉस से तालमेल बनाकर चलना होगा, नहीं तो वह आपके प्रमोशन पर रोक लगा सकते हैं। आप कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले, नहीं तो आपकी बात बुरी लगने से आपके दोस्त नाराज हो सकते हैं। आपका किसी बात को लेकर परेशान रहेंगे।

मिथुन आज आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे और आप अपनी आय को बढ़ाएंगे। अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, क्योंकि आप अपनी संतान को कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। आप सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर अच्छा नाम कमाएंगे। आपको कुछ सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है। आप अपने किसी मित्र के लिए कुछ धन का इंतजाम भी कर सकते हैं।

कर्क आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को किसी अच्छी जगह से बुलावा आ सकता है। आपके परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। पार्टनरशिप में कोई बड़ी डील फाइनल होगी, जिससे आपको कहीं बाहर भी जाना पड़ सकता है। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाएं और किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें।

सिंह आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे। आपको किसी जरूरी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। संतान की फरमाइश पर आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको यदि किसी काम को लेकर टेंशन है, तो उसके लिए आप अपने परिवार में वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत अवश्य करें। बिजनेस में आपको मन मुताबिक लाभ मिलेगा, जिससे आपको खुशी होगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

कन्या आज आपको अपनी कमियों को दूर करके आगे बढ़ाना होगा। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आपकी बेवजह की आदत आपकी टेंशन को बढ़ाएगी। आपको अपनी माताजी की सेहत को लेकर सावधान रहना होगा। आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है। आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

तुला आज आपके खर्च आपके सिरदर्द बन सकते हैं, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर भी थोड़ा एतियात बरतनी होंगी। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपका कोई पुराना लेन देन चुकता होगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। सेल्स व मार्केटिंग से जुड़े लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती हैं।

वृश्चिक आज आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, लेकिन आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। यदि आपने किसी दूसरे को बिना मांगे सलाह दी, तो वह बाद में आपके लिए समस्या बन सकती है। आपकी दान-पुण्य के कार्यो में काफी रुचि रहेगी और आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे। आर्थिक मामलों पर आप पूरा ध्यान देंगे। यदि आपने किसी सरकारी योजना में निवेश किया था, तो उसमें भी आपको अच्छा लाभ मिल सकता है।

धनु आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। आपका कोई मित्र लंबे समय बाद आपसे मेल मुलाकात करने आ सकता है।

मकर आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे। आपकी कूटनीति से आपके शत्रु भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आप अपने बिजनेस में कुछ नयी योजनाओं को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं। संपत्ति को लेकर कोई विवाद आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा, लेकिन आपको अपने पिताजी की सलाह पर चलना बेहतर रहेगा। आपकी किसी बात से जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें।

कुंभ आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी काम की वजह से ऑफिस से जल्दी आना पड़ सकता है। आपको किसी भी परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपको अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा। आज आपकी संतान आपसे किसी काम को लेकर परमिशन मांग सकता है।

मीन आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आपको किसी जरूरी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप किसी काम के लिए माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाए, तो बेहतर रहेगा। आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से उनका मन खुश रहेगा.

# मोदी का ट्रैम्पोलिन - क्या हम छलांग लगा पाएंगे?

**सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव**

पिछली शताब्दियों में मानवता ने जो चुनाव किए हैं, वे हमें संकट की कगार पर लेकर आए हैं। जिस तरह से हमने अपनी अर्थव्यवस्थाओं, अपने पर्यावरण और पारिस्थितिकी, अपनी शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था, अपने युवाओं और अगली पीढ़ी के पालन-पोषण को संभाला है, उसने हमें हमें इस अस्थिर स्थिति तक पहुंचा दिया और दुनिया को संकट की दहलीज पर ला खड़ा किया है। आज अलग-अलग जगहों पर युद्ध, अस्थिर आर्थिक ढांचे, तेज़ी से बिगड़ती पारिस्थितिकी और बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं, मानसिक स्वास्थ्य महामारी और नशे की लत जैसी समस्याएं, ये सब इसके प्रमाण हैं। इसका मतलब विनाश और निराशा की तस्वीर पेश करना नहीं है। बदलाव की स्थिति, दरअसल संभावनाओं की स्थिति होती है। आज जो फैसले हम करेंगे, वे हमें या तो बड़े परिवर्तन की ओर ले जा सकते हैं या फिर पतन की ओर धकेल सकते हैं। 8.5 अरब की आबादी के साथ हम एक भारी-भरकम मानव जाति हैं, लेकिन अभी तक उस चेतना के स्तर तक नहीं पहुंचे हैं, जहां हम एकजुट होकर सामूहिक निर्णय ले सकें। हम सरकारों, क़ानूनों और नेतृत्व पर भरोसा करते हैं कि वे पूरी दुनिया को दिशा दें। ऐसे समय में यह बहुत अहम है कि हम अपने लिए किस तरह का नेतृत्व चुनते हैं। अगर हम पृथ्वी का एक टिकाऊ और सुंदर भविष्य चाहते हैं, तो हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' के आदर्श को सही मायने में अपनाना होगा। यह उपयुक्त है कि भारत, जिसने हमेशा सबको जोड़कर रखने की भावना को महत्व दिया है, ने नरेंद्र मोदी जैसे नेता को चुना है, जो इन मूल्यों को गहराई से मानते हैं। कई मायनों में भारत ने ऐसा नेतृत्व सामने रखा है जो उसकी आत्मा, उसकी संस्कृति और संस्कारों से मेल खाता है। यह बहुत ज़रूरी है। सिर्फ इसलिए नहीं कि समावेशिता सही रास्ता लगती है, बल्कि इसलिए कि आने वाले समय में समावेशिता ही एकमात्र रास्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार दुनिया के सामने एक अधिक समावेशी और सहयोगी मानवता का रास्ता दिखाया है। अफ्रीकन यूनियन को G20 में शामिल कराने की पहल हो, ग्लोबल साउथ के नेतृत्व की भूमिका, 'वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड' जैसी विशाल नवीकरणीय ऊर्जा योजना, पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देने की नीति, संकट के समय सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला देश बनना, या फिर महामारी के दौरान 96 देशों को मानवीय सहायता देना, इन सबमें भारत ने यह साबित किया है कि असली मायने काम में होते हैं, और हम छोटे-छोटे निजी लाभ की अपेक्षा मानवता को अधिक महत्व देते हैं। समावेशिता का यह गुण नरेंद्र भाई की नेतृत्व शैली में भी स्पष्ट दिखाई देता है। 'मन की बात' पहल शासन की विशाल व्यवस्था में भले ही एक छोटा हिस्सा लगे, लेकिन इसका संदेश गहरा है। आम नागरिक से सीधा संवाद करके वे उनकी कहानियों, संघर्षों और योगदान को पहचानते और सम्मानित करते हैं। यही जुड़ाव उन्हें ज़मीन से जोड़े रखता है और यह सुनिश्चित करता है कि उनकी नीतियां जनता की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हों।


मैं योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उनकी भूमिका की गहराई से सराहना करता हूं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा करवा कर उन्होंने योग के प्रति दुनिया में अद्‌भुत रुचि जगाई है और यह बताया है कि योग मनुष्य के जीवन में कितनी भलाई ला सकता है। आज के समय में यह और भी जरूरी है, क्योंकि योग की विधियां मानसिक और शारीरिक चुनौतियों से निपटने का सबसे असरदार उपाय हैं। हर इंसान के लिए यह आवश्यक है कि वह रोज़ कम से कम कुछ मिनट योग या ध्यान को अपनाए, ताकि अपने भीतर स्थिरता और विकास का मजबूत आधार बना सके।भारत का सभ्यता-राज्य आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां से वह अपनी असली क्षमता को पहचानकर एक गौरवशाली भविष्य की ओर बढ़ सकता है। अब तक हमने अपनी आर्थिक प्रगति में अभूतपूर्व कार्य और प्रगति देखी है, बुनियादी ढाँचे, अंतरिक्ष, रक्षा, कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में तेजी देखी है। साथ ही, हम आत्मनिर्भरता, भू-राजनीतिक लचीलेपन और शक्ति की दिशा में अपनी नीतियों के कुशल संचालन के भी साक्षी रहे हैं। हालांकि, एक राष्ट्र के रूप में हमें अभी भी बहुत कुछ करना है। आने वाली पीढ़ी का सही मार्गदर्शन और पोषण हमारे विकास की कुंजी है। हम नहीं चाहते कि भारत की बढ़ती युवा आबादी इस सुनहरे अवसर को खो दे। अब समय आ गया है कि हम समाजवाद के अधूरे आदर्शों की आखिरी बेड़ियां तोड़ दें, जिन्होंने पिछले दशकों को जकड़ रखा था, और भारत के नागरिकों को अपने भविष्य के निर्माता बनने के लिए आमंत्रित करें। बुनियादी ढांचे से लेकर एआई तक, व्यापार से लेकर रक्षा तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, हमें जनता को इसे सुपरसोनिक गति से आगे बढ़ाने का काम सौंपना होगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान शासन द्वारा यह विश्वास वास्तव में प्रदर्शित किया जा रहा है, लेकिन असली परीक्षा लोगों द्वारा इस विश्वास को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करने और अपनी क्षमता साबित करने की है। भारत में न केवल अपने सच्चे गौरव के युग में प्रवेश करने की क्षमता है, बल्कि मानवता को उस युग में ले जाने की भी क्षमता है। हमारे पास एक योग्य, साहसी और निस्वार्थ व्यक्ति है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि राष्ट्र केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि वहां रहने वाले लोग ही उसका असली रूप होते हैं। यह भारत के नागरिकों पर निर्भर है कि वे सुशासन और अवसर के मंच का उपयोग करके अपने इच्छित स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करें।

**आइए, इसे साकार करें!**

# नेपाल: "इन्फोडेमिक" की आग में झुलसता पड़ोसी

**हृदय मोहन**

नेपाल आज केवल राजनीतिक उठापटक से नहीं जूझ रहा, बल्कि एक अदृश्य संकट ने उसे चारों ओर से घेर रखा है—"इन्फोडेमिक"। यह शब्द सुनने में नया लग सकता है, पर इसका असर किसी महामारी से कम नहीं। इसका अर्थ है—सूचना का बवंडर, जिसमें अफवाहें, भ्रामक समाचार, आधे-अधूरे तथ्य और सोशल मीडिया पर फैली अति-प्रचारित धारणाएँ शामिल होती हैं। कोरोना काल में हमने देखा कि किस तरह गलत सूचनाओं ने डर और अव्यवस्था फैलाई थी। वही स्थिति नेपाल के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में दिखाई दे रही थी। सोशल मीडिया के जरिए फैली अफवाहें सरकार गिराने से लेकर बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप तक की कहानियाँ गढ़ रही थीं। भ्रामक सूचनाएँ जनता की सोच को प्रभावित कर रही थीं। नतीजा यह कि जनता का विश्वास लगातार कमजोर हो रहा था और सड़कों पर असंतोष भड़क रहा था। सत्ता परिवर्तन की फुसफुसाहट से लेकर विदेशी शक्तियों की कथित साज़िशों तक—हर विषय पर कहानियाँ गढ़ी जा रही थीं। यह स्थिति किसी महामारी की तरह फैलती है और राजनीति को अस्थिर करने के लिए बारूद का काम करती है।



**विश्वास का क्षरण**–लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूँजी जनता का विश्वास होता है। जब जानकारी के स्थान पर अफवाहें सच की तरह फैलने लगें, तो यह पूँजी तेजी से घटती है। नेपाल में यही हो रहा था । संस्थाओं से मोहभंग, सरकार पर अविश्वास और विपक्षी दलों की आपसी खींचतान ने जनता के धैर्य को कमजोर कर दिया। परिणामस्वरूप, सड़कों पर गुस्सा दिख रहा था और असंतोष की चिंगारियाँ जगह-जगह भड़क रही थीं।

**राजनीति और समाज में आग**–नेपाल की राजनीति पहले ही अस्थिरता का शिकार रही है—लगातार सरकारें गिरना, गठबंधनों का टूटना और नए-नए समीकरण बनना इसकी पहचान बन चुका है। इस इन्फोडेमिक ने उस अस्थिरता को और भड़का दिया। जातीय और सांप्रदायिक आधार पर अफवाहें फैलाकर समाज में दरारें गहरी की जा रही थीं। गाँवों से लेकर शहरों तक, आज भी लोग विभाजित राय और अविश्वास के माहौल में जी रहे हैं। संसद में उठापटक, सड़कों पर विरोध और मोहल्लों में बेचैनी—हर जगह एक तरह की "जलन" महसूस हो रही है। सचमुच, नेपाल इस समय हर ओर जल रहा है।

**मीडिया और तकनीक की दोधारी तलवार**यह विडंबना ही है कि जिस तकनीक ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया, वही सबसे बड़ी चुनौती भी बन गई। नेपाल में पारंपरिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर बिना जाँच के संदेश फैलते हैं। कई बार यह संदेश सच से ज़्यादा प्रभावी और आकर्षक लगते हैं। जनता इन्हें मान भी लेती है और साझा भी करती है। यही वजह है कि अफवाहें जंगल की आग की तरह फैलती हैं और एक छोटे से मुद्‌दे को राष्ट्रीय संकट का रूप दे देती हैं।

**भारत के लिए चेतावनी**–भारत के लिए नेपाल की स्थिति केवल पड़ोसी का आंतरिक मामला नहीं है। नेपाल के साथ हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कड़ियाँ इतनी गहरी हैं कि वहाँ की अस्थिरता का असर हमारी सीमाओं और



हमारे सामाजिक परिदृश्य पर पड़ना स्वाभाविक है। सीमा पार आवाजाही, व्यापार, रोजगार और सांस्कृतिक रिश्ते—सभी सीधे प्रभावित होते हैं। ऐसे में नेपाल का "जलना" भारत के लिए भी चिंता का विषय है।

**समाधान की राह**–समस्या का समाधान केवल राजनीतिक जोड़-तोड़ से नहीं निकल सकता। नेपाल को इन्फोडेमिक से लड़ने के लिए ठोस कदम उठाने होंगेः अफवाहों पर नियंत्रणः सरकार को तथ्य-जाँच (fact-checking) तंत्र को मजबूत बनाना होगा।

**जिम्मेदार मीडियाः** पारंपरिक मीडिया को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अफवाहों का खंडन करना होगा।

**नागरिक समाज की भूमिकाः** स्कूलों, विश्वविद्यालयों और सामाजिक संगठनों को सूचना साक्षरता (information literacy) को बढ़ावा देना होगा। जब तक सच को महत्व देने वाली संस्कृति विकसित नहीं होगी, तब तक नेपाल स्थिरता की ओर बढ़ नहीं पाएगा।

**अंतिम शब्द**–नेपाल आज आग में घिरा है—पर यह आग बारूद की नहीं, बल्कि अफवाहों और भ्रमों की है। इसे पानी से नहीं, बल्कि सत्य से बुझाना होगा।

# हुकअप वाले दौर में पहली डेट के बाद भूलकर भी न करें ये काम

पहली डेट के बाद जल्दबाजी में भावनात्मक जुड़ाव और अति-उत्साह अक्सर दिल टूटने का कारण बनता है। एक्सपर्ट सलाह देती है कि स्वस्थ रिश्ते के लिए धैर्य और संतुलन ज़रूरी है, क्योंकि 'पहली नजर का प्यार' आज के दौर में एक मिथक है। शुरुआती ओवर-इमोशनल व्यवहार पार्टनर को दूर कर सकता है, इसलिए अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना सीखें। अगर आप किसी के साथ अच्छी डेट के बाद तुरंत डेड्रीमिंग करने लगते हैं, तो थोड़ा रुककर खुद पर ध्यान देने की जरूरत है। यह आदत आपको भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। असल में पहली नजर का प्यार जैसी चीज आज के हुकअप वाले दौर में ज्यादातर एक मिथक ही है। इसी वजह से अगर पहली ही डेट के बाद आपके पेट में गुदगुदी होने लगे या दिमाग़ में तरह-तरह के ख्याल दौड़ने लगें, तो यह अच्छा संकेत नहीं है। आप अकेले नहीं हैं, बहुत से लोग ऐसा करते हैं। वे सामने वाले को खुश करने की पूरी कोशिश करते हैं, लेकिन आख़िर में खुद ही चोट खाते हैं। नतीजा? बाथरूम के फर्श पर बैठकर रोना और खुद से पूछना, 'मैंने ऐसा क्या गलत कर दिया?' अगर आप भी यह जानना चाहते हैं कि ग़लती कहां हो रही है, तो यहां कुछ विशेषज्ञों की सलाह दी गई है। डेटिंग कोच केल्सी वंडरलिन कहती हैं कि स्वस्थ और भावनात्मक रूप से मैच्योर पार्टनर समय लेकर आपको समझना चाहते हैं। अगर आप शुरुआत में ही बहुत ज्यादा भावनाएं दिखाते हैं, तो कई बार वे दूर हो जाते हैं। आपके प्यार करने का अंदाज खूबसूरत है, लेकिन यही जल्दीबाजी आपको डेटिंग में मुश्किल में डाल देती है।

**डेट पर पूरी रात बातें करते रहनाः** शुरुआत में बहुत ज्यादा समय साथ बिताना आपको लगाव में बांध देता है। थोड़ी दूरी और समय देने से आप दोनों को एक-दूसरे को समझने का मौका मिलता है।

**बहुत जल्दी शारीरिक नजदीकी बढ़ानाः** शारीरिक संबंध गहराई और भरोसा का एहसास दिलाते हैं, लेकिन बहुत जल्दी ऐसा करना भावनाओं को तेज कर देता है और रिश्ते को असंतुलित कर सकता है।

**उससे मिलने के लिए अपना शेड्यूल बार-बार बदलनाः** अपने काम, दोस्तों या शौक़ छोड़कर सिर्फ उसी के लिए समय निकालना आपको जरूरत से ज्यादा निर्भर बना देता है।

**पूरे दिन लगातार मैसेज करनाः** लगातार बातचीत से न केवल आप खुद को थकाते हैं, बल्कि दूसरे को भी स्पेस नहीं दे पाते। रिश्ते में थोड़ी जगह जरूरी है।

**बुरा दिन होने पर सबसे पहले उसी के पास दौड़नाः** हर समस्या का हल उसी से ढूंढना आपको भावनात्मक सहारे पर निर्भर बना देता है, जबकि खुद को संभालना भी जरूरी है।

## सू- दोकू क्र.174

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.173 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## एक नजर

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दामाद और ससुर की मौत

**बलरामपुर, 18 सितंबर।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के मोरन चौक की है. हादसे के बाद ट्रक चालक वान लेकर फरार हो गया. हादसे की सूचना पर वाड्रफनगर पुलिस मौके पर पहुंची. शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान अंजनी गांव के संतोष पटेल और उनके ससुर गिरजा शंकर पटेल के रूप में हुई है. हादसा इतना भीषण था कि मृतकों के शरीर के कई अंग सड़क किनारे बिखरे पड़े थे. पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

### गौधाम संचालन के लिए 6 अक्टूबर तक रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**जगदलपुर, 18 सितम्बर।** संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर द्वारा गौधाम संचालन के लिये इच्छुक संस्थाओं से 6 अक्टूबर 2025 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तू गौवंशीय पशुओं तथा गृह विभाग द्वारा कृषित पशु परिक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित 2011), छत्तीसगढ़ कृषित पशु परिक्षण नियम 2014 अंतर्गत जप्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जायेगा।गौधाम स्थापना हेतु भूमि, गौधाम का उदेश्य क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुश्रवण एवं अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु पात्र संस्थायें, गौधाम के संचालन हेतु पात्रता एवं कार्यालय, गौधाम संचालन हेतु चयनित संस्था का दायित्व, गौधाम हेतु मानव संसाधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति की इत्यादि की कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें चादनी चैक जगदलपुर में कार्यालयीन दिवस एवं समय सुबह 10 बजे से 5:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

### नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक निलंबित

**जांजगीर,18 सितंबर।** घर में घुसकर नाबालिग छात्रा से छेडछाड़ करने के मामले में गिरफ्तार शिक्षक राजेश्वर प्रसाद को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। पुलिस गिरफ्तारी के बाद बीईओ से मिली रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है.बता दें कि शिक्षक राजेश्वर प्रसाद जायसवाल 9 सितंबर को छात्रा के घर में घुसकर उससे छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने लगा था। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी शिक्षक फरार हो गया था जिसके बाद छात्रा ने परिजन के साथ मिलकर सारागांव थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी मामले में पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

### ग्राम कासोली में आरएसईटीआई के राजमिस्त्री प्रशिक्षण का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 18 सितम्बर ।** गीदम ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत कासोली में आज आरएसईटीआई द्वारा राजमिस्त्री प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में राजमिस्त्री के रूप में काम करने वाले व्यक्तियों को आवश्यक कौशल प्रदान करना है, जिससे वे अपने कार्यों को और भी प्रभावी ढंग से कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को आवास निर्माण में लगने वाली सामग्री और मानव संसाधनों के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा इस अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाये जाने वाला ''स्वच्छता ही सेवा'' कार्यक्रम का भी शुरुआत हुआ। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान विधायक श्री चैतराम अटामी ने राजमिस्त्री प्रशिक्षण निर्माण में सामग्री और मानव संसाधनों के प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीणों को अपने कार्यों में सुधार करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता सेवा कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

### कृषक मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा सम्पन्न

बीजापुर 17 सितम्बर 2025- एक्सटेंशन रिफाम्स (आत्मा) योजनान्तर्गत किसान मित्रों का 1 दिवसीय प्रशिक्षण सह वैज्ञानिक परिचर्चा कृषि विज्ञान केन्द्र, पनारापारा मे आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई एवं निर्देश भी दिए गयें। जिसमें एग्री स्टेक किसान पंजीयन, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान समृध्दि योजना सौर सुजला योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं आत्मा योजना के विभिन्न गतिविधियों के संबंध में तथा अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत जीवामृत, बीजामृत, घनाजीवामृत,नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र आदि का जीवन्त प्रदर्शन करके दिखाया गया एवं प्राकृतिक खेती करने के लाभ एवं महत्व के बारे में बताया गया। प्राकृतिक खेती जहर मुक्त खाद्यान उत्पादन करने एवं कम लागत मे खेती करने का बेहतर उपाय है, इस हेतु जिले के अन्य कृषकों के मध्य प्रचार-प्रसार करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

### ग्राम छिंदनार में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत

**दंतेवाड़ा, 18 सितम्बर ।** विकासखंड स्तरीय ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' का शुभारंभ ग्राम पंचायत छिंदनार से हुआ। उक्त कार्यक्रम में शपथ ग्रहण, स्वास्थ्य जांच, स्वच्छ्ता रैली गतिविधि आयोजित हुए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव, सीईओ सरपंच, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छता ग्राही समूह उपस्थित थे।

# वन विभाग की जांच टीम चूडिया बीट में अवैध कटाई की करेगी सघन पड़ताल, ग्रामीणों से सहयोग की अपील

**लोरमी/मुंगेली, 18 सितंबर।** वन परिक्षेत्र चूडिया के चूडिया बीट में अवैध कटाई और अवैध परिवहन की शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपखंडाधिकारी (राजस्व) लोरमी के निर्देश पर 18सितंबर 2025 को सुबह 10:30 बजे से जांच कार्रवाई शुरू की जाएगी।उपमंडलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि चूडिया बीट के आसपास के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं से मिली शिकायतों के आधार पर अवैध कटाई एवं परिवहन के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस मामले की सच्चाई जानने के लिए राजस्व, वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम क्षेत्र का दौरा करेगी।आम सूचना के माध्यम से ग्रामीणों से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था के पास इस विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी, सबूत, स्थल/अभिलेख या प्रमाण हैं, तो वे जांच के दौरान उपस्थित होकर अपनी बात रख सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति सरकारी भवन, स्कूल, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन या सूचना स्थल पर जाकर अपनी जानकारी जांच दल को दे सकते हैं। साथ ही, फोटो और वीडियो सामग्री भी प्रस्तुत कर सकते हैं।अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहेगी और ग्रामीणों के सहयोग से ही सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज व तथ्यात्मक जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। यह कार्रवाई वन संपदा के संरक्षण और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन सख्ती दिखाए तो जंगलों की सुरक्षा और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना आसान होगा।



## स्वच्छता ही सेवा उत्सव का नगर में शुभारंभ

**बचेली, 18 सितंबर।** राज्य शासन जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता पखवड़ा स्वच्छता उत्सव के आयोजन हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके परिपालन में नगर पालिका बड़े बचेली द्वारा अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष श्री सतीश प्रेमचंदनी, पार्षद श्री धनसिंग नाग, पार्षद श्रीमति बिना साहू की उपस्थिती में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता उत्सव 2025 अंतर्गत नगर में सफाई हेतु स्वच्छता का शपथ स्वच्छता दीदियों नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारीयों की उपस्तिति में लिया गया एवं सफाई की जागरूकता हेतु सफाई वाहनों को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाई अध्यक्ष द्वारा नगर को सम्बोधित करते हुए कहा की स्वच्छता ही रोगों को दूर भागने का एकमात्र साधन है नगर की सफाई में नागरिकों से भी सहभागिता की अपील की ।

## बीजापुर जिला चिकित्सालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**बीजापुर 18 सितंबर।** बीजापुर जिला चिकित्सालय में आज स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड एवं आभा कार्ड का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया गया।कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में 70 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को आयुष्मान व वय वंदना कार्ड प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वन मंत्री माननीय महेश गागड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी की उपस्थित रहीं। दोनों ही अतिथियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सामाजिक सशक्तिकरण को एक दूसरे से जोड़ते हुए इस अभियान की सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में आमजन, महिलाएं और स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. आर. पुजारी सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर, डीपीएम श्री वरुण साहू वरिष्ठ तथा अन्य स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं- महिलाओं के लिए स्वास्थ्य कार्ड का पंजीयन और वितरण, वरिष्ठ महिलाओं को प्राथमिकता, वरिष्ठ स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान किया।

## विकसित भारत-मोदी की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी सराही जा रही

**बीजापुर 18 सितंबर ।** आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा और विकसित भारत- मोदी जी की संकल्पना पर आधारित एक विशेष छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर के समीप लगाई गई है, जो आमजन के लिए प्रेरणा का केंद्र बन रही है। प्रदर्शनी में भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आदिवासी विकास कार्यों, सेवा भाव से जुड़े जन-अभियानों तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़ी झलकियों को छायाचित्रों के माध्यम से आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है।

इस आयोजन का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को देश के विकास, सेवा कार्यों और सामाजिक समर्पण की भावना से अवगत कराना है। प्रदर्शनी में ÷सेवा, समर्पण और विकास÷ की थीम को प्रमुखता दी गई है।प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों तथा उनके जीवन काल के महत्वपूर्ण घटनाओं को प्रदर्शित किया गया- छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में उनके जीवन में मां से मिली शिक्षा से एक कर्मयोगी बनकर देश के लिए समर्पण भाव से कार्य करना, वडनगर में प्रारंभिक शिक्षा, पुस्तकालय से जुड़कर ज्ञान प्राप्ति, जनभागीदारी के माध्यम से विकास के लक्ष्य को किस तरह से हासिल किया जा रहा है उसे दिखाया गया है। इसके अलावा प्रदर्शनी में दिखाया गया है कि समाज सेवा और देश सेवा को ही अपना लक्ष्य मानने वाले प्रधामनंत्री श्री मोदी का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है। प्रदर्शनी में गरीबों को आवास देने प्रधानमंत्री का संकल्प स्वरूप प्रधानमंत्री आवास योजना, सौभाग्य योजना के तहत लोगों के घरों में बिजली को पहुंचाना, उरी, पुलवामा हमले के बाद से पाकिस्तान के दुस्साहस का सर्जिकल स्ट्राइक कर मुहतोड़ जवाब देना, माओवादी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्यवाही से घटता माओवादी क्षेत्र, कोविड महामारी के दौरान होने वाली चुनौतियां का कुशलतापूर्व निपटारा करना। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टार्टअप इकोसिस्टम के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देने जैसे कार्यक्रमों से भारत को एक नई पहचान देना।प्रदर्शनी में एक पेड़ मां के तहत मातृशक्ति के सम्मान देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने जैसे जनजागरण अभियान, देश की नई पीढ़ी को आज की आधुनिक शिक्षा से जोड़ने और रोजगारनुमुखी बनाने नई शिक्षा नीति लागू करने सहित विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया।

## विधायक चैतराम ने किया स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**दंतेवाड़ा, 18 सितम्बर ।** जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं परिवार सशक्तिकरण हेतु ÷स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान÷ का शुभारम्भ आज क्षेत्रीय विधायक विधायक चैतराम अटामी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ महिला ही परिवार और समाज की सशक्त नींव होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके ने इस दौरान जानकारी दी कि 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक यह अभियान चलाया जायेगा। इसके अंतर्गत महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग, ब्लड डोनेट कैंप,का आयोजन किया गया। साथ ही पोषण संबंधी जानकारी, एनीमिया जाँच, प्रसूति एवं मातृ स्वास्थ्य जाँच, टीकाकरण, एवं अन्य गतिविधियां सुनिश्चित की जाएगी और किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा एवं जागरूकता से जोड़ा जाएगागौरतलब है कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में रैली, संगोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रम किये जायेगें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामी,जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नग, जनपद सदस्य रामू नेताम, मोहन ठाकुर,नगर पालिका समूह की सदस्याएँ, स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### दस दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, 120 योग साधकों ने लिया भाग

**बीजापुर 18 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में योग को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से डाइट, बीजापुर में दस दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस विशेष आयोजन का निर्देशन छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा जी के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर श्री रूपनारायण सिन्हा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने योग के महत्व और इसकी दैनिक जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति का आधार भी है। वनांचल क्षेत्रों में योग की पहुँच बढ़ाकर हम स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं।इस दस दिवसीय शिविर में बीजापुर जिले के लगभग 120 योग साधकों ने सहभागिता की है।

## वन मंत्री केदार कश्यप ने ट्रिपल आईटी परिसर नवा रायपुर में किया पौधारोपण



**रायपुर, 18 सितंबर।** आदि सेवा पर्व पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर आज वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक श्री इंद्र कुमार साहू, संचालक ट्रिपल आई टी श्री ओमप्रकाश व्यास, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मददी, पीसीसीएफ वी. श्रीनिवास राव, जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर वन मंत्री ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन काल में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम मे ट्रिपल आईटी के प्राध्यापक गण छात्र-छात्राएं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर फलदार पौधे का रोपण किया गया है।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान 2.0 के तहत वर्ष 2025 में लगभग 2.75 करोड़ से अधिक पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें राज्य के वन विभाग की नर्सरियों और विभागीय स्त्रोतों से पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना में महिलाओं की विशेष भूमिका:नाग

**कांकेर, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' का आज वर्चुअल शुभारम्भ किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में जिला स्तर पर इसका आगाज किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कांकेर विधानसभा के विधायक श्री आशाराम नेताम उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद श्री नाग ने उपस्थित मितानिनों को प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान से महिलाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार की अधिकांश योजनाएं महिलाओं के कल्याण और सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित हैं।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के प्रसारण के उपरांत मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री नाग ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना की है, उसमें महिलाओं की विशेष और सकारात्मक भूमिका रहेगी। साथ ही प्रधानमंत्री की मंशानुसार स्वदेशी उत्पादों व बाजारों को प्राथमिकता देते हुए प्रोत्साहित करने की बात भी सांसद ने की। उन्होंने प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलकर भारत को विश्वगुरू के तौर पर स्थापित करने की भी अपील इस अवसर पर की। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से विधायक श्री नेताम ने कहा कि गांवों में चौबीसों घण्टे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली मितानिन दीदियां वास्तव में वंदनीय हैं, क्योंकि वे अंतिम पंक्ति पर मौजूद अंतिम व्यक्ति तक सेवा बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष रूप से मुहैया करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिन पर आदि सेवा पर्व का आयोजन किया जाना गौरव की बात है और विकसित भारत के सपने को साकार करने में भविष्य में दीदियों की बड़ी और महती भूमिका रहेगी। इसके पहले, कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि राज्य शासन की विशेष पहल पर कांकेर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने 27 चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की पदस्थापना की गई है। उन्होंने जिले में सिकलसेल्स उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और प्रसव-पूर्व विभिन्न परीक्षण पर भी बेहतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक और नागरिक श्री महेश जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।इसके पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आगाज किया, जो आगामी 20 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में नारी सशक्तिकरण और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई कार्ययोजना की संक्षिप्त जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियान के तहत प्रसवोत्तर देखभाल जैसे प्रसव के बाद माताओं में उच्च जोखिम का पता लगाना और निवारण करना, परिवार नियोजन सेवाएं यथा गर्भनिरोधक साधनों का विकल्प, सभी प्रकार के टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को 12 बीमारियों से बचाने के लिए 11 तरह के टीकों का प्रावधान किया गया है

## विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण

**बीजापुर 18 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ शासन, संचालनालय महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा 17 सितंबर 2025 को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 281 निरूद्ध बंदियों का अवलोकन किया गया। बैरक में उपस्थित सभी बंदियों से बातचीत कर उनके दिनचर्या के बारे में जानकारी ली गई । पूछताछ के दौरान नाबालिक बंदी नहीं पाये गये है। जेल निरीक्षण के दौरान श्री ए.के.शुक्ला (सहायकजेल अधीक्षक) एवं विशेषज्ञ समिति के सदस्य श्री राहुल कुमार कौशिक (जिला बाल संरक्षण अधिकारी), श्रीमती नीलाबाई यालम (किशोर न्याय बोर्ड सदस्य), श्रीमती मिनी सत्यन (बालक कल्याण समिति सदस्य), श्री विजय राडेकर उपनिरीक्षक, कु0 आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी), श्री संदीप चिडेम (सामाजिक कार्यकर्ता), एवं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बिंजली में किया आदि कर्म योगी सेवा अभियान का शुभारंभ

**नारायणपुर, 18 सितम्बर ।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं एवं जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिंजली का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं समूह की महिलाओं को स्वच्छ भारत मिशन की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य श्री दीपक देवांगन को स्कूल की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने प्राचार्य से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि जैसे हम अपने राज्य को स्वच्छ रखना चाहते हैं, वैसे ही हमें अपने जिले और गांव को भी स्वच्छ रखना है। समूह की महिलाएं हर सप्ताह गांव की सड़कों एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई करें, ताकि गांव हमेशा स्वच्छ और सुंदर बना रहे। कलेक्टर ने सभी से कहा कि स्वच्छता की दिशा में उठाए गए छोटे-छोटे कदमों से न केवल अपने गांव को, बल्कि पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर सभी ने महात्मा गांधी के स्वच्छ और विकसित भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया। शपथ में नागरिकों ने स्वयं स्वच्छ रहने, गंदगी न फैलाने और न फैलाने देने, हर वर्ष कम से कम 100 घंटे श्रमदान करने तथा गांव-गांव और गली-गली में स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार-प्रसार करने का शपथ लिया।

कलेक्टर ममगाईं ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिंजली के निरीक्षण पश्चात् ग्राम पंचायत बिंजली में आदि कर्म योगी सेवा अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित होगा। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासनिक सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और सेवा प्रदायगी को अधिक प्रभावी बनाना है कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदि साथी और आदि सहयोगी संविधान की अवधारणा के साथ-साथ पी.एम. जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं अन्य अनुसूचित जनजाति कल्याण योजनाओं के माध्यम से जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान हेतु सतत् कार्यरत रहेंगे।

## शिक्षा ही सफलता की कुंजी, सेवा ही जीवन का आधार : मुख्यमंत्री




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित रक्तदान अमृतोत्सव 2.0 कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा अनिवार्य है। शिक्षा केवल डिग्री या नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मूल आधार है।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में प्रदेशभर के महाविद्यालयों में रक्तदान सहित विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।मुख्यमंत्री श्री साय ने रक्तदान कर रहे युवाओं से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जीवन रक्षा का माध्यम है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। यह सबसे बड़ा दान है, जिसे बार-बार किया जा सकता है।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है और विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज और वन संपदा सहित अनेक क्षेत्रों में समृद्ध है। 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' की पहचान पूरे देश में है। नक्सलवाद जैसी बाधाओं को सुरक्षा बलों के साहस और निरंतर अभियानों से समाप्त किया जा रहा है। जल्द ही बस्तर में विकास की गंगा बहेगी और एक विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा।उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि युवाओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उच्च शिक्षा विभाग में 700 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने एनएसएस को समाज को जोड़ने वाला सशक्त विचार बताया।कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा का भाव निहित है और रक्तदान सबसे बड़ा दान है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराते हुए उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है।सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सेवा जीवन का सार है। रक्तदान या शिक्षा–किसी भी माध्यम से सेवा जीवन को यशस्वी बनाती है।कार्यक्रम में आयुक्त उच्च शिक्षा श्री संतोष देवांगन, कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, कुलसचिव प्रो. अम्बर व्यास सहित बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित थे।

एक नजर



## 13 वनडे जीतने के बाद हारी ऑस्ट्रेलिया की विमेंस टीम

### भारत ने रिकॉर्ड 102 रन से हराया

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** ऑस्ट्रेलिया विमेंस क्रिकेट टीम को वनडे में लगातार 13 मैच जीतने के बाद हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को 7 बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भारत ने दूसरे वनडे में 102 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में इस जीत के साथ इंडिया विमेंस ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंडिया विमेंस से ओपनर स्मृति मंधाना ने 12वां वनडे शतक लगाया। मंधाना का टीम की जीत में 10वां वनडे शतक रहा। दीप्ति शर्मा ने 40 रन की पारी खेलकर टीम को 292 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया से डार्सी ब्राउन ने 3 और एश्ले गार्डनर ने 2 विकेट लिए। 293 रन के टारगेट के सामने ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने 12 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। एलिस पेरी ने 44 और एनाबेल सदरलैंड ने 45 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को संभाला, लेकिन दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। 40.5 ओवर में इंडिया ने 190 रन पर ऑस्ट्रेलिया को समेट दिया। क्रांति गौड़ ने 3 और दीप्ति शर्मा ने 2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया विमेंस को भारत में 18 साल बाद वनडे मैच में हार मिली है। टीम को इससे पहले 2007 में इंडिया विमेंस ने ही चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में हराया था।

# 21 को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

## एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल, दो टीमों का फैसला आज

**दुबई, 18 सितंबर।** एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने UAE को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितंबर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है।

पाकिस्तान ने UAE को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है।

**भारत-पाक मैच 21 सितंबर को ही क्यों?**

टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल ने सुपर-4 स्टेज का शेड्यूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को A1 और A2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को B1 और B2 नाम दिया गया। शेड्यूल के मुताबिक,A1 और A2 के बीच 21 सितंबर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7 विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद सलमान आगा ने मैच के बाद इंटरव्यू देने से मना कर दिया।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाथ नहीं मिलाने के मामले को खेल भावना के खिलाफ बताया। बोर्ड ने ICC से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग भी की, लेकिन ICC ने इसे ठुकरा दिया। पूरे विवाद के बाद अब पाकिस्तान टीम फिर एक बार इसी टूर्नामेंट में भारत का सामना करेगी।

**ग्रुप ए से ओमान और UAE बाहर**

भारत और पाकिस्तान के सुपर-4 में पहुंचने के साथ ग्रुप-ए की बाकी 2 टीमें ओमान और UAE टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। UAE 3 में से 1 मैच ही जीत पाई। वहीं ओमान को 2 मुकाबलों में हार मिली, अब टीम का आखिरी मैच 19 सितंबर को भारत के खिलाफ होगा।

**ग्रुप-बी में रोमांचक हुई स्थिति**

ग्रुप-बी का आखिरी मैच आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस ग्रुप से श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश अभी होड़ में है।अगर अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया: बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान तीनों के 4-4 पॉइंट्स हो जाएंगे। अफगानिस्तान सबसे बेहतर नेट रन रेट के साथ क्वालिफाई कर जाएगा। श्रीलंका और बांग्लादेश में बेहतर रन रेट वाली टीम अगले राउंड में एंट्री कर लेगी। अगर बांग्लादेश को क्वालिफाई करना है तो श्रीलंका को 70 रन या उससे ज्यादा के अंतर से हारना होगा। अगर श्रीलंका की पहले बैटिंग आ गई तो टीम के 50 बॉल या उससे ज्यादा के अंतर से हारने पर ही बांग्लादेश क्वालिफाई कर पाएगी।

## टी20 क्रिकेट में टॉप पर पहुंचे यूएई के कप्तान

**दुबई, 18 सितंबर।** टी20 एशिया कप 2025 में इस समय पाकिस्तान और यूएई के बीच मुकाबला हो रहा है। इस मैच में पाकिस्तानी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन बनाए। इसके बाद यूएई की टीम को कप्तान मुहम्मद वसीम से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन वह दमदार खेल नहीं दिखा पाए और सिर्फ14 रन बनाकर आउट हो गए। फिर उन्होंने एक खास रिकॉर्ड बना दिया। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मुहम्मद वसीम 15 गेंदों में सिर्फ 14 रन बनाकर आउट हो गए, जिसमें दो चौके शामिल रहे। इसी के साथ वह T20I में एसोसिएट बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए और टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के वीरनदीप सिंह का रिकॉर्ड तोड़ा है। वीरनदीप ने मलेशिया के लिए T20I क्रिकेट में कुल 3013 रन बनाए हैं। जबकि यूएई के लिए मुहम्मद वसीम T20I क्रिकेट में कुल 3024 रन बनाए हैं।

## अबू धाबी के मैदान पर 19 को होगा टीम इंडिया का ओमान से सामना



**दुबई, 18 सितंबर।** एशिया कप 2025 में भारतीय टीम ने ग्रुप-ए में अपने शुरुआती दोनों ही मुकाबलों में जीत हासिल करने के साथ पहले ही सुपर-4 के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। टीम इंडिया को अभी ग्रुप स्टेज का अपना एक मुकाबला खेलना बाकी है, जिसमें उनका सामना 19 सितंबर को ओमान की टीम से होगा। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपने शुरुआती दोनों ही मुकाबले जहां दुबई क्रिकेट स्टेडियम में खेले तो वहीं अब ओमान की टीम के खिलाफ होने वाला मैच टीम इंडिया अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेलेगी।

भारतीय टीम का अबू धाबी के स्टेडियम में रिकॉर्ड देखा जाए तो उन्होंने यहां पर सिर्फ एक टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेला है, जिसमें उनका सामना अफगानिस्तान की टीम से हुआ था। साल 2021 में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट के नुकसान पर 210 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद उन्होंने अफगानिस्तान की टीम को 144 के स्कोर पर रोकने के साथ टीम इंडिया ने 66 रनों से मुकाबले को अपने नाम किया था। ऐसे में भारतीय टीम का इस मैदान पर जीत का 100 फीसदी रिकॉर्ड है। वहीं ओमान की टीम का अबू धाबी के स्टेडियम में रिकॉर्ड देखा जाए तो उसमें उन्होंने 13 मैच यहां पर खेले हैं और उसमें वह 6 को जहां जीतने में कामयाब रहे तो वहीं 7 मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

टी20 इंटरनेशनल में अभी सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में पाकिस्तान की टीम पहले नंबर पर है जिसमें उन्होंने कुल 275 मैच खेले हैं, तो वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर भारतीय टीम है जिनके लिए ओमान के खिलाफ होने वाला मुकाबला टी20 इंटरनेशनल में 250वां मैच होगा। भारतीय टीम वर्ल्ड क्रिकेट में इस आंकड़े तक पहुंचने वाली अभी तक की सिर्फ दूसरी टीम होगी। टीम इंडिया ने अब तक खेले 249 मैचों में से 166 मैच में जहां जीत दर्ज की है।

# सिंधु ने चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

## थाईलैंड की पोर्नपावी को हराया; हांगकांग ओपन में पहले राउंड में बाहर हो गई थीं

**हॉन्गकॉन्ग, 18 सितंबर।** पीवी सिंधु ने गुरुवार को चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने थाईलैंड की छठी सीड खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-15, 21-15 से हराया। यह मुकाबला मात्र 41 मिनट तक चला।

दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु वर्तमान में वर्ल्ड रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। इस जीत के साथ चोचुवोंग के खिलाफ अपने हेड-टु-हेड रिकॉर्ड को 6-5 कर लिया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला टॉप सीड कोरिया की एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिकफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।सिंधु हॉन्गकॉन्ग ओपन के पहले दौर में हार कर बाहर हो गई थीं। उन्होंने चाइन मास्टर्स में जीतने के बाद कहा, 'चोचुवोंग एक टॉप खिलाड़ी हैं। मैंने उनके खिलाफ इंडोनेशिया ओपन में भी खेला था, तब भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में और सतर्क थी।' सिंधु ने आगे कहा, 'स्कोर बराबर चल रहा था, इसलिए हर अंक के लिए करीबी टक्कर थी। मैं खुश हूं कि मैं जीती और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब मुझे कल के लिए तैयारी करनी है। सीधे गेम में जीत हमेशा आत्मविश्वास देती है, लेकिन लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना जरूरी है और पैरों की गति को तेज रखना महत्वपूर्ण है।'



वर्तमान में सिंधु इंडोनेशिया के पूर्व पुरुष एकल कोच इरवानसाह आदि प्रतामा के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं,जो अब भारतीय महिला एकल कोच हैं। इस सहयोग के बारे में उन्होंने कहा,'हमारा तालमेल बहुत अच्छा है। वह एक बेहतरीन कोच हैं। शुरू में हमें समय लगा, लेकिन अब हमने समझ लिया कि क्या करना है और क्या बदलाव चाहिए।

# रमीज राजा ने मैच रेफरी पायक्रॉफ्ट को लेकर दिया बेतुका बयान

**दुबई, 18 सितंबर।** वर्ल्ड क्रिकेट में इस समय भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 में ग्रुप-ए में हुए 14 सितंबर के मुकाबले को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा देखने को मिल रही है। इस मैच में टीम इंडिया के किसी भी खिलाड़ी ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया। इसी के बाद से पाकिस्तान टीम और पीसीबी का लगातार एक छोटे बच्चे की तरह रोना चालू है। इसी के चलते पाकिस्तान ने इस मुकाबले के रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत आईसीसी से की थी, जिसमें उन्हें हटाने की मांग की गई थी।

हालांकि आईसीसी ने उनकी इस मांग को पूरी तरह ठुकरा दिया, जिसके बाद पाकिस्तान ने पहले यूएई के खिलाफ होने वाले मैच को पहले खेलने से मना कर दिया लेकिन बाद में वह खेलने के लिए तैयार हो गए। वहीं इस पूरे विवाद पर पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा का भी बयान सामने आया जिसमें उन्होंने रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को लेकर ऐसा आरोप लगाया कि उसकी सारी पोल रिकॉर्ड के जरिए खुल गई।

## रिकॉर्ड सामने आते ही खुल गई सारी पोल



पाकिस्तान टीम के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को लेकर अपने दिए बयान में आरोप लगाया कि वह भारतीय टीम का काफी साथ देते हैं। पायक्रॉफ्ट हमेशा भारत के मैचों में मौजूद रहते हैं। मेरा अंदाजा ये था कि एंडी पायक्रॉफ्ट जब भी कोई भारतीय मैच होता है तो उसमें अधिकतर वह रेफरी होते हैं। भारत के मैचों में मैं जितने भी टॉस के दौरान मौजूद रहा मुझे लगता है कि एंडी पायक्रॉफ्ट वहां पर जरूर होते हैं। अभी हम डाटा पर बात कर रहे थे जिसमें वह 90 बार वह भारत के मैच में रेफरी रहे हैं। ये चीज मुझे काफी अजीब लगती है क्योंकि मैच रेफरी न्यूट्रल रहता है लेकिन वह टीम इंडिया के मैचों में इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए अधिकतर समय मौजूद रहते हैं।

रमीज राजा ने जो एंडी पायक्रॉफ्ट को लेकर अपने बयान में डेटा दिया उसमें वह थोड़ा गलत साबित जरूर हुए, जिसमें उनके अनुसार पायक्रॉफ्ट भारतीय टीम के फेवरेट मैच रेफरी हैं, जबकि ऐसा ही पाकिस्तान के साथ भी है। इंटरनेशनल क्रिकेट तीनों फॉर्मेट मिलाकर एंडी पायक्रॉफ्ट ने भारतीय टीम के जिन मैचों में रेफरी की भूमिका को निभाया है उसकी संख्या 124 है।



# ब्याज दरों पर अमेरिकी फेड के ऐलान के बाद भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला, आईटी शेयरों में तेजी

**मुंबई, 18 सितंबर।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में खुला। बाजार में चौतरफा तेजी देखी जा रही है। सुबह 9-25 पर सेंसेक्स 402 अंक या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,096 और निफ्टी 103 अंक या 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,433 पर था। बाजार को ऊपर खींचने काम आईटी शेयरों की ओर से किया जा रहा है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.54 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहा था। इसके अलावा, ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, रियल्टी और मीडिया हरे निशान में थे। मेटल और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 195 अंक या 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,043 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 43 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,467 पर था। सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, टीसीएस, एचयूएल, आईटीसी, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी , इटरनल (जोमैटो) और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे।



जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजय कुमार ने कहा कि बाजार में जारी तेजी आय में सुधार और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सकारात्मक नतीजों की उम्मीदों से प्रेरित है। बैंक निफ्टी मजबूत है और बैंकिंग शेयरों का उचित मूल्यांकन इस क्षेत्र में और अधिक निवेश, खासकर संस्थागत निवेशकों को आकर्षित कर सकता है।

अमेरिकी फेड की ओर से बुधवार को ब्याज दरों 25 आधार अंक की कटौती का ऐलान किया गया। इस कटौती से अमेरिका में ब्याज दरें कम होकर 4 से 4.25 प्रतिशत के बीच आ जाएगी।

वैश्विक बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, सोल और जकार्ता हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि हांगकांग और बैंकॉक में लाल निशान में कारोबार हो रहा था।

संस्थागत प्रवाह के मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,124 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) 2,293 करोड़ रुपए का निवेश इक्विटी में किया।

## सोने के भाव में बड़ी गिरावट, 1670 सस्ती हुई चांदी

**नई दिल्ली, 18 सितंबर।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के चलते बुधवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतें अपने लाइफटाइम हाई से 1,300 रुपये गिरकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं। इसके साथ ही, आज 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर आ गया। मंगलवार को, दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतें 1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये और 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई थीं। फेडरल रिजर्व के महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले से पहले मुनाफावसूली के चलते सोने में कमजोरी रही, क्योंकि प्रतिभागियों ने नतीजों से पहले जोखिम कम कर दिया। बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है, क्योंकि बाजार न सिर्फ ब्याज दरों में कटौती का बल्कि फेडरल रिजर्व के आगे के दिशानिर्देशों का भी इंतजार कर रहे हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''बिना किसी स्पष्ट रूपरेखा के कोई भी तटस्थ रुख या कम नरम रुख वाली टिप्पणियां सर्राफा बाजार में कुछ प्रतिशत की गिरावट ला सकती हैं।''



चांदी ने भी आज अपनी बढ़त गंवा दी और मुनाफावसूली के चलते इसका भाव भी नीचे आ गया। बुधवार को चांदी 1,670 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 1,31,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, इसने 570 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया था। वैश्विक स्तर पर, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण, सोने और चांदी में भी नए शिखर छूने के बाद गिरावट देखी गई। नीति की घोषणा बाद में की जाएगी।

मंगलवार को 3,703.23 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर को छूने के बाद हाजिर सोना लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 3,664.82 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी करीब 3 प्रतिशत टूटकर 41.38 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## स्वीगी ने नया ऐप टोइंग किया लॉन्च

**नई दिल्ली ,18 सितंबर ।** स्विगी ने हाल ही में टोइंग ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप से 50 रुपए से 250 रुपए तक का फूड ऑर्डर कर सकेंगे। ये ऐप उन लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जिनका बजट कम होता है। हालांकि ये ऐप अभी सिर्फ पुणे में टेस्टिंग के लिए शुरू किया गया है।

**सिर्फ 50 रुपए में ऑर्डर कर सकेंगे भरपेट खाना**

Toing प्लेटफॉर्म पर कोई सर्ज प्राइसिंग नहीं होगा, यानी पीक टाइम या ज्यादा ऑर्डर आने पर भी यूजर को एक्स्ट्रा पैसे नहीं देने होंगे। यूजर्स की एक बड़ी शिकायत यह रही है कि रेस्टोरेंट में दिखने वाली कीमत और डिलीवरी ऐप पर दिखाई जाने वाली कीमत में काफी फर्क होता है। इस पर ज्ञश्वद्बठ्ठद्द का वादा है कि ऑफलाइन मेन्यू और ऐप पर दिखने वाले दाम बिल्कुल समान रहेंगे। इससे ग्राहकों को पारदर्शिता मिलेगी और भरोसा भी बढ़ेगा। ये ऐप जेप्टो कैफे और रैपिडो के ओनली को टक्कर देगी।

## 2040 तक एआई ग्लोबल ट्रेड को 40 फीसदी तक बढ़ा देगा : डब्ल्यूटीओ

**जिनेवा, 18 सितंबर ।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बुधवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में दावा किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभाव से 2040 तक वैश्विक व्यापार में उल्लेखनीय बदलाव आएगा, जिससे व्यापार में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

डब्ल्यूटीओ ने अपने प्रमुख प्रकाशन, विश्व व्यापार रिपोर्ट 2025 के संस्करण में कहा कि एआई के विकास और उपयोग से वैश्विक जीडीपी में 12 से 13 प्रतिशत की वृद्धि होने का भी अनुमान है। एआई 2040 तक व्यापार और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उल्लेखनीय वृद्धि ला सकता है, जिससे ग्लोबल ट्रेड में 34 से 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है।रिपोर्ट में अर्थव्यवस्थाओं को कच्चे माल, सेमीकंडक्टर्स और इंटरमीडिएट इनपुट सहित एआई-इनेबल गुड्स तक पहुंच प्रदान करके समावेशी एआई-समर्थित विकास को सक्षम करने में व्यापार की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। अनुमान है कि 2023 में इन वस्तुओं का वैश्विक व्यापार कुल 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होगा।



हालांकि, रिपोर्ट में डिजिटल डिवाइड (विकसित और विकासशील देशों के बीच डिजिटल बुनियादी ढांचे और कौशल में भारी अंतर) के बढ़ने को लेकर भी चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टारगेट इंवेस्टमेंट, समावेशी नीतिगत ढांचों और अंतर्राष्ट्रीय समन्वय के बिना, एआई मौजूदा डिवाइड को और बढ़ा सकता है जिससे एआई की पोटेंशियल (क्षमता) कमजोर पड़ सकती है। डब्ल्यूटीओ की महानिदेशक न्गोजी ओकोंजो-इवेला ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा, एआई में व्यापार लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने की अपार क्षमता है। हालांकि, एआई तकनीकों तक पहुंच और डिजिटल व्यापार में भागीदारी की क्षमता अभी भी बहुत असमान है।

ओकोंजो-इवेला ने एआई को सभी अर्थव्यवस्थाओं में अवसर पैदा करने में सक्षम बनाने के लिए व्यापार, निवेश और पूरक नीतियों के सही मिश्रण का आह्वान किया।

रिपोर्ट में एआई के विकास और परिनियोजन में व्यापक भागीदारी का समर्थन करने के लिए अधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, विशेष रूप से एआई और व्यापार पर मजबूत सहयोग का आग्रह किया गया है।

इसमें आगे कहा गया है कि निवेश, घरेलू सुधार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा समर्थित सही ढांचे के साथ, एआई अवसरों का विस्तार कर सकता है और बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को मजबूत कर सकता है।

## एआई युग में भारत की आईटी सर्विस कंपनियों के राजस्व में 6 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ,18 सितंबर ।** भारतीय आईटी सर्विस कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 27 में 5-6 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसका मतलब है कि कार्य की मात्रा में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आईटी कंपनियां अमेरिका की मजबूत व्यापक आर्थिक पृष्ठभूमि से लाभान्वित होने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उनके टॉप अमेरिकी क्लाइंट्स ने कई वर्षों में अपनी सबसे मजबूत तिमाहियों में से एक दर्ज की है। रिसर्च फर्म के विश्लेषकों को उम्मीद है कि यह गति कॉर्पोरेट विश्वास को बढ़ाएगी और 2025 तक उच्च टेक्नोलॉजी खर्च को बढ़ावा देगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई एजेंट मल्टी-एजेंट सिस्टम में विकसित हो रहे हैं, जिससे एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर और इंफ्रास्ट्रक्चर के रिडिजाइन को बढ़ावा मिल रहा है। यह बदलाव भारतीय आईटी फर्मों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में उद्योग के अनुमानों का हवाला दिया गया है, जो बताते हैं कि कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू होने पर अगले तीन से चार वर्षों में एआई आईटी सेवाओं के मूल्य को 8-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है, जिसका मतलब है कि 2025-27 में इसका वार्षिक प्रभाव 3-4 प्रतिशत तक हो सकता है।

एक नजर

## चौथा हिंद युग्म उत्सव 20 एवं 21 को

**रायपुर 18 सितंबर।** राजधानी रायपुर में साहित्य प्रेमियों के लिए दो दिवसीय हिंद युग्म उत्सव 2025 का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में किया गया है। यह आयोजन 20 एवं 21 सितंबर को होगा। आयोजन में सौ से अधिक साहित्यकार हिस्सा लेंगे। जिसमें श्रोताओं को कहानियां कविताएं, संगीत और कला की बेहतर प्रस्तुति देखने को मिलेगी। इस आयोजन में रायपुर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं छग के प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता प्रो. विनोदकुमार शुक्ल पर आयोजिन केंद्रित होगा। उनकी नई कहानियां

**विनोद कुमार शुक्ल आयोजन के होंगे केंद्र, सौ लेखक और साहित्यकार भाग लेंगे**

पुस्तक का विमोचन होगा। आयोजन में केंपस कविता कार्यक्रम के तहत ओपन माइक छग खुला मंच खुला है के जरिए विशिष्ठ कलाओं में निपुण प्रदेश के कलाकार एवं साहित्यकार नाम आयोजन के संयोजक के पास लिखवाकर प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्तुति का समय पांच मिनट होगा। पं. शुक्ल पर केंद्रित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इसके अलावा लोक नृत्य व्यंजन एवं छग में निर्मित लघु उद्योग का अलग से स्टाल होगा। आयोजन में फिल्मी कलाकार लेखक एवं कवि भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में शैलेष भारतवासी ने देते हुए बताया कि प्रो. शुक्ल की किताब की अच्छी बिक्री होने पर उन्हें छह माह की रायल्टी 30 लाख रुपये का ससम्मान दी जाएगी। पत्रकारवार्ता में कार्यक्रम के संयोजक गौरव एवं प्रेस क्लब रायपुर के अध्यक्ष प्रफूल्ल ठाकुर भी मौजूद थे।

## नवग्रह शनि मंदिर में नवरात्रि उत्सव 22 से प्रारंभ

**रायपुर 18 सितंबर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवग्रह शनि मंदिर अशोका रत्न के पास विधानसभा रोड स्थित मंदिर में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर से प्रारंभ होगा। मंदिर के पुजारी पं. विनोद शर्मा एवं पं. मितेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनि महादशा कष्ट निवारक मनोकामना हेतु ज्योति कलश स्थापना के लिए जातकों को तेल ज्योति 951 रुपये एवं घृत ज्योति 4100 रुपये भुगतान करने पर मिलेगी। उन्होंने बताया कि शनि देव मंदिर में जातकों द्वारा उक्त ज्योति कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रि में शनि महादशा निवारण के लिए विशेष पूजा की जाती है।

# छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम जुड़ा रेल नेटवर्क से

## राजिम क्षेत्र के लोगों को मिली सस्ती और सुलभ रेल सेवा : साय

■ मुख्य नगर संवाददाता





**रायपुर, 18 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजिम में नई रेल सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की आवागमन सुविधा में वृद्धि करते हुए राजिम से रायपुर के लिए नई मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने राजिम-रायपुर-राजिम मेमू नई ट्रेन सेवा तथा रायपुर-अभनपुर 2 मेमू रेल सेवा का राजिम तक विस्तार भी प्रारंभ किया। भारी संख्या में यात्री इस अवसर पर ट्रेन में सवार हुए और उत्साहपूर्वक रायपुर की ओर रवाना हुए। सस्ती एवं सुलभ नई रेल सुविधा मिलने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस नई रेल सेवा से राजिम सहित गरियाबंद एवं देवभोग क्षेत्र के लोगों को भी राजधानी रायपुर तक सस्ती और किफायती यात्रा का विकल्प प्राप्त होगा। विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग सहित सभी के लिए यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग, राजिम अब रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अब और अधिक सुगम, सुविधाजनक और किफायती बन गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद से लगातार 19 महीनों से विकास की गति निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा। उन्होंने बताया कि लगभग आठ वर्ष पूर्व धमतरी से रायपुर तक नैरोगेज ट्रेन चलती थी और अब आठ वर्षों के अंतराल के बाद यहां ब्रॉडगेज ट्रेन सुविधा उपलब्ध हुई है। इसके लिए उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में रेलवे की लगभग 45,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में लगभग 7,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रदेश में रेल सेवाओं का तीव्र विस्तार और विकास सुनिश्चित हो रहा है।

## स्मार्ट चैटबॉट से घर बैठे मिलेंगी नागरिक सुविधाएं



■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 18 सितंबर।** बिलासपुर प्रदेश का पहला ऐसा नगर निगम बनने जा रहा है, जहां नागरिक अब स्मार्ट चैटबॉट के जरिए अधिकांश सेवाओं का लाभ घर बैठे ले सकेंगे। बिलासपुर नगर निगम ने डिजिटल इंडिया की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए वॉट्सऐप आधारित चैटबॉट सेवा शुरू कर रही है। इसके माध्यम से लोग प्रॉपर्टी टैक्स की जानकारी और भुगतान, बिल्डिंग परमिशन, शिकायत पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं चंद मिनटों में प्राप्त कर सकेंगे। इस चैटबॉट का उपयोग करना बेहद आसान होगा। इसके लिए निगम एक विशेष वॉट्सऐप नंबर 91 88157 82574 जारी करेगा। उस नंबर को मोबाइल में सेव करने के बाद केवल हाथ या नमस्ते लिखकर मैसेज भेजना होगा। इसके जवाब में ऑटोमेटेड रिप्लाई आएगा, जिसमें विभिन्न सेवाओं की सूची होगी।

## खारुन मईया समरसता महाआरती में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 18 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार शाम महादेव घाट, रायपुर में आयोजित खारुन मईया समरसता भव्य महाआरती में शामिल हुए। इस भव्य आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन सनातन ध्वज वाहिनी एवं महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर खारुन नदी तट पर 21 सौ दीपों का दीपदान भी किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ा है। वे आज आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं और विकसित भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसका लाभ देश की 140 करोड़ जनता को मिल रहा है। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य का दर्जा दिलाने के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ हर मोर्चे पर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि साध्वी प्रज्ञा भारती के नेतृत्व में चंद्रपुर स्थित महानदी तट पर गंगा आरती की शुरुआत हुई थी, जो आज भी निरंतर जारी है। उस आरती में वे स्वयं उपस्थित रहे। इसके बाद रायगढ़ की केलो नदी में भी गंगा आरती प्रारंभ हुई, जो नदी संरक्षण की दिशा में एक उत्कृष्ट पहल है। उन्होंने खारुन नदी में भी समय-समय पर गंगा आरती आयोजित करने की अपील की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

## वोट चोर पर रार

### आयोग के माध्यम चुनाव जीतने का प्रयास करती है भाजपा : विकास
### कांग्रेस के वोट अधिकारी रैली में लोगों को पैसा देकर बुलाया : पुरंदर

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर।** वोट चोरी का आरोप के बाद वोटर अधिकार रैली को लेकर कांग्रेस और भाजपा के नेता आमने-सामने हैं. कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि भाजपा निर्वाचन आयोग के जरिए चुनाव जीतने का प्रयास करती है. वहीं भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने वोटर अधिकार रैली पर कहा कि लोगों को पैसा देकर कार्यक्रम में बुलाया गया, कई लोगों को तो पैसा भी नहीं दिया गया.

कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि वोट चोरी का खुलासा हो रहा है. दो-दो सिटिंग विधायक के परिवार का नाम तक दो विधानसभा में हैं. लोग खुद सामने से निकल कर आ रहे हैं. भाजपा निर्वाचन आयोग के माध्यम से चुनाव जीतने का प्रयास करती हैं. वहीं बीजेपी विधायक पुरंदर मिश्रा ने कांग्रेस के वोटर अधिकार रैली पर कहा कि कार्यक्रम में लोगों को 300-300 रुपए देकर बुलाया गया था. कार्यक्रम में आने के बाद भी कई लोगों को पैसा नहीं दिया गया. जनता का दुरुपयोग कर पैसा नहीं दिया जा रहा, कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए.

रायपुर निगम में नेता प्रतिपक्ष के विवाद को लेकर विकास उपाध्याय ने कहा कि संदीप साहू को मौका मिला था, अब आकाश तिवारी को नियुक्त किया है. यह पूरा मामला घर में बैठ कर सुलझाया जाएगा. दोनों कर्मठ साथी है. दोनों से बात करके ही चीजे सेटल की जाएगी.

वहीं इस विवाद पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि नगर निगम में संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था. फिर अचानक आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया. यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है. कांग्रेस 140 साल से नेताओं को आपस में लड़ने का काम कर रही है.

वहीं प्रदेश में बढ़ते बिजली बिल और मुफ्त बिजली योजना को लेकर पूर्व विधायक ने कहा कि बिजली बिल ज्यादा आ रहा है. आदमी परेशान हैं. इसे लेकर कांग्रेस पार्टी जल्द ही बड़ा प्रदर्शन भी करेगी.

इधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस को लेकर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि जो नेता आलू से सोना बनाने की बात कर सकता है, वह कुछ भी बात को बोल सकता है. ये मंदबुद्धि बालक सबको डूबाएगा. कांग्रेस के पास जो बचा है, वह भी स्वाहा हो जाएगा.

## छत्तीसगढ़ में लागू होगा 'गुजरात मॉडल ऑफ एजुकेशन' : गजेंद्र यादव

**रायपुर, 18 सितंबर।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने गुजरात प्रवास से लौटकर राज्य में शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। उन्होंने घोषणा की कि छत्तीसगढ़ में भी गुजरात मॉडल ऑफ एजुकेशन लागू किया जाएगा, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी। मंत्री यादव ने गांधीनगर स्थित विद्या समीक्षा केंद्र का दौरा किया और वहां शिक्षा में तकनीक और नवाचार के इस्तेमाल का अध्ययन किया। उन्होंने बताया कि गुजरात में शिक्षा की डिजिटल निगरानी प्रणाली बेहद प्रभावी है और अब वही प्रणाली छत्तीसगढ़ में भी लागू होगी। मंत्री यादव का कहना है कि तकनीक आधारित मॉनिटरिंग से शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी और योजनाओं के क्रियान्वयन की गति भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को अब डेटा आधारित और परिणाम केंद्रित बनाया जाएगा।

# पक्का आशियाना मिलने से खिले चेहरे

## हितग्राहियों को मिला भवन अनुज्ञा और वय वंदन कार्ड सहित कई योजनाओं का लाभ

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े में हितग्राहियों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। अपनी जरूरते पूरी होने और परेशानियों से मुक्ति मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बिलासपुर में हुए कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को पक्के आशियाने की चाबी, भवन अनुज्ञा, पहले किश्त की राशि और वय वंदन कार्ड प्रदान किए गए। इसके साथ ही लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से लाभान्वित कुदुदन निवासी श्रीमती ममता दुबे को आवास स्वीकृत हुआ और भवन का नक्शा मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें किराए के घर से निजात मिल गई है। इसी तरह हेमूनगर की गोटीवाड़ा विजया और बिजौर निवासी ओम साहू को घर की चाबी मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विजय ने बताया कि पति ड्राइविंग का काम करते हैं आमदनी इतनी नहीं कि खुद का घर बना सकें पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आवास योजना से अब उनका पक्के घर का सपना साकार हो गया है और कच्चे घर से निजात मिल गई। इसी तरह अशोक नगर निवासी श्रीमती संतोषी श्रीवास व श्रीमती पूनम टंडन लिंगियाडीह निवासी को खमतराई, और बहतराई में मकान आवंटित हुआ और उन्हें पहले किश्त का चेक प्राप्त हुआ। उन्होंने खुशी से बताया कि अब उनका अपने खुद के घर में रहने का सपना साकार होने जा रहा है। वहीं श्रीमती रानी यादव सरकंडा थाना के सामने बेजा कब्जा कर परिवार के साथ रह रही थी जिसके कभी टूटने की आशंका है उन्होंने बताया कि घर तोड़े जाने का उन्हें नोटिस भी जारी किया गया है पर अब आवास स्वीकृत होने से उनकी एक बड़ी चिंता दूर हो गई है बहुत से हितग्राहियों को इस अवसर पर जहां गृह प्रवेश के लिए आवास की चाबी सौंपी गई वहीं लखपति दीदीयों का सम्मान भी किया गया। तालापारा, ख्वाजा नगर निवासी अब्दुल नईम को आवास स्वीकृत हुआ। मैकेनिक का कार्य करने वाले नईम ने बताया कि अब उनके परिवार को सुरक्षित छत मिल सकेगी।

बिलासपुर के ही श्री हरनारायण पटेल, शांति देवी और श्रीमती विद्या परिहार को वय वंदन कार्ड के अंतर्गत पाँच लाख रुपये की स्वास्थ्य सहायता का लाभ मिला। सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं से उनके जीवन को एक नई उम्मीद और संबल मिला है।

## दुर्गा पंडाल बना रहे युवक की करंट से मौत

**बालोद, 18 सितंबर।** दुर्गा पंडाल के निर्माण में जुटे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना रात करीबन 3 बजे दल्लीराजहरा के गुप्ता चौक की है. दल्लीराजहरा पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, दिनभर लोगों की आवाजाही को देखते हुए दल्लीराजहरा के गुप्ता चौक पर रात के समय 8 से 9 युवक दुर्गा पंडाल के निर्माण में जुटे थे. इस दौरान ग्राम घोठिया निवासी 19 वर्षीय डेमन उर्फ डेविड रावटे पिता अजित रावटे एलटी लाइन के तार से सम्पर्क में आने के बाद नीचे गिर गया। युवक को तत्काल शहीद हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित किया. सूचना पर पहुंची दल्लीराजहरा पुलिस पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को रवाना किया. सुबह परिजनों को शव सौंपने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।



# तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलटी, 1 की मौत, 5 गंभीर



**जशपुर, 18 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में आज सुबह सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के बरजोर में तेज रफ्तार से जा रही एक बस अनियंत्रित होकर अचानक सड़क पर पलट गई. इस हादसे में एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई. साथ ही 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इनके अलावा अन्य कई यात्रियों को भी मामूली चोटें आई हैं. सभी घायलों को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक बस फरसाबहार से अंबिकापुर जा रही थी. लेकिन तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई. हादसे में एक महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जबकि घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

## शकुंतला फाउंडेशन ने किया उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 18 सितंबर।** सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्षा श्रीमती स्मिता सिंह द्वारा शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान मोमेंट्स सर्टिफिकेट श्रीफल शाल भेंटकर सम्मानित किया आयोजन । आयोजन की मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति शिक्षाविद डॉ अरुणा पलटा, डॉ मुकेश शाह वीर छत्रपति शिवाजी पब्लिक स्कूल, शुभा शुक्ला समाजसेवी कविता कुंभज चैयरमेन पारस इंस्टीट्यूट रहे। आयोजन में बस्तर सुकमा जैसे सुदूर वनांचल में शिक्षा का अलख जगा रहे शिक्षा दूतों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही संघर्ष की मिसाल साधना कला केंद्र की शिक्षिका सुश्री साधना ढांड जी को उनके अतुलनीय योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आयोजन बापू की कुटिया कलेक्ट्रेट परिसर में गरिमामय समारोह में आयोजित किया। आयोजन में स्मिता सिंह, संजना सिंह, पदमा घोष, सुषमा बग्गा,रूना चक्रवर्ती पीयूष जैन, नीता विश्वकर्मा संस्था सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हेमचंद विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ अरुणा पलटा ने शिक्षकों और छात्रों के समन्वय आपसी तालमेल गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर जोर दिया।

### धान बेचने वाले किसानों में से आधे का एग्री स्टैंक पोर्टल में पंजीयन

# पंजीकृत साढ़े तीन लाख किसानों का खसरा मेल नहीं खा रहा, अफसरों के चक्कर लगाने मजबूर किसान

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 18 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में एग्री स्टैक पोर्टल में तकनीकी दिक्कतों के चलते किसानों के पंजीयन कराने की गति धीमी है। पिछले साल जिन किसानों ने धान बेचा था उनमें से आधे से कुछ अधिक किसानों ने ही पंजरयन कराया है। राज्य में अब तक 13 लाख 15 हजार से कुछ अधिक किसान ही एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन करा पाए हैं। 57 हजार से ज्यादा किसान ऐसे हैं जिनका पंजीयन एग्री स्टैक पोर्टल में नहीं दिखा रहा है। इनमें भी लगभग साढ़े 3 लाख किसान ऐसे हैं, जो पंजीयन हो चुके हैं, लेकिन उनका खसरा कहीं मेल नहीं खा रहा है। अब फील्ड में विभागीय अमले को भी जूझना पड़ रहा है। पंजीयन के आंकड़ों को देखे तो पता चलता है कि बीते साल की तुलना में अब तक 50 फीसदी ही किसान पंजीयन करा पाए हैं। धान खरीदी से पहले पंजीयन के लिए इस बार किसानों को भारी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश में अब तक कुल 13 लाख 73 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें से एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों की तादाद 13 लाख 15 हजार से हैं। हालांकि अभी पंजीयन के लिए अक्टूबर माह का तक का समय बाकी है। माना जा रहा है कि इस अवधि तक पंजीकृत किसानों की तादाद में बढ़ोतरी होगी। अब तक 9 लाख 66 हजार किसानों पंजीयन हो चुका है, उनके खसरे का भी मिलान हो चुका है। साढ़े तीन लाख खसरा मेल नहीं खाने की स्थिति में ऐसे किसानों को फिर दस्तावेज चेक कराना पड़ रहा है।

बालोद, बेमेतरा और बलौदा बाजार जिले ही ऐसे हैं जहां एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों की तादाद एक लाख पार कर गई है। हालांकि इन जिलों में भी हजारों किसान ऐसे हैं, जिनका खसरा मेल नहीं खा रहा है। जबकि जांजगीर चांपा जिले में 74 हजार 172 किसानों ने एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराया है, लेकिन इनमें से 30 हजार से अधिक किसानों का खसरा मेल नहीं खा रहा है। इसी तरह की स्थिति अन्य जिलों में भी है। विभाग का दावा है कि यह आंकड़ा रोज बदल रहा है। आने वाले समय में अधिक से अधिक किसान पंजीयन करा लेंगे। बीते साल 2024-25 में पंजीकृत 25 लाख 49 हजार से ज्यादा किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य में बेचा था। एग्री स्टैक और एकीकृत पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक अब तक एग्री स्टैंक पोर्टल पंजीकृत साढ़े तीन लाख किसानों का खसरा मेल नहीं खा रहा।

## चारित्र्य ही मोक्ष का मार्ग है : महेंद्र सागर

**रायपुर, 18 सितंबर।** टेगौर नगर पटवा भवन में जारी भेद विज्ञान शिविर के चौथे दिन बुधवार को उपाध्याय भगवंत आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब ने मोक्ष का भेद समझाया। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि चारित्र्य ही मोक्ष का मार्ग है। एक मोक्ष सिद्धशिला में पहुंचना है। दूसरा मोक्ष मोह का क्षय करना है। द्रव्य मोक्ष सिद्धशिला में जाता है। भाव मोक्ष मोह का क्षय करता है। अपने मन में व्याप्त आसक्ति और भ्रम को समाप्त करना ही मोक्ष का क्षय है। वास्तव में मोक्ष की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जब हम अपने भीतर के मोह को पहचानते हैं और उसे त्यागने का प्रयास करते हैं तो हम आत्मज्ञान की ओर अग्रसर होते हैं। यह प्रक्रिया हमें मानसिक शांति प्रदान करती है। हम जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने में सक्षम होते हैं। इस प्रकार मोह का क्षय केवल एक साधारण क्रिया नहीं है। यह आत्मा की उन्नति और मोक्ष की प्राप्ति का एक गहन मार्ग है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कर्म दो प्रकार का फल देता है। एक घातीय कर्म और दूसरा अघातीय कर्म होता है। घातीय कर्म आपकी ताकत का घात करता है। अघातीय कर्म आपको बाहर की व्यवस्था देता है। मनुष्य कर्म के चक्कर में फंसा होता है। कर्म का लगातार संचय होता रहता है। ये कर्म ही हमें फल देते रहते हैं। अनादिकाल से ये चक्र चलता रहता है। कर्म का उदय आता है। हम भाव करते रहते हैं। कर्म ही पाप और पुण्य का बंध कराते हैं।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अज्ञानी जीव कर्म बंधन करता रहता है। ज्ञानी जीव कर्म बंधन नहीं करता। अज्ञानी जो चीज़ अपनी नहीं है उसे भी अपना बना लेता है। ज्ञानी बस संयोग मांगता है और यह मेरा नहीं है सोचता है। जो मेरा नहीं उससे जुड़कर हम राग व द्वेष करते हैं। संसार में कर्म के उदय से ही संयोग मिला है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26